संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शनिवार, 23 दिसंबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 342 पृष्ठ: 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन में शामिल हुए।

फास्ट न्यूज

पंजाब: स्कूलों में 24 दिसंबर से शुरू होंगी सर्दियों की छुट्टियां

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से सर्दियों की छुट्टियों का एलान कर दिया गया है। विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए आदेशों के अनुसार पंजाब के सभी सरकारी, प्राइवेट, एडेड और मान्यता प्राप्त स्कूलों में सर्दियों के मौसम को देखते हुए 24 दिसंबर 2023 से लेकर 31 दिसंबर 2023 तक छुट्टियां की जा रही हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से इन आदेशों को पूर्ण रूप से लागू करवाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है ताकि किसी भी प्राइवेट स्कूल द्वारा इन आदेशों का उल्लंघन न किया जाए।

जयपुर में एक महीने के बच्चे को कोरोना

जयपुर: राजस्थान के कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की राजधानी जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना संक्रमित हो गया। वहीं, जोधपुर में भी एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वह पांच दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटकर आई थी। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब थी। कोरोना के लक्षण दिखने पर उसने जांच कराई, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोरोना संक्रमित 19 साल की युवती महामंदिर क्षेत्र में रहती है। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। साथ उसके संपर्क में आए लोगों और परिवार वालों का सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है।

लगातार बढ़ रहे मरीज: इससे पहले गुरुवार को जयपुर में दो कोरोना सक्रंमित मिले थे। वहीं, बुधवार को जैसलमेर में भी दो कोरोना पॉजिटिव सामने आए थे। वहीं, आज शुक्रवार को भी दो संक्रमित मरीज मिले हैं। इससे प्रदेश में कोरोना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

तमिलनाडु में भारी बारिश, 696 गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू

नई दिल्ली: तमिलनाडु में लगातार बारिश के कारण भारतीय नैसेना ने बचाव अभियान चलाया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय नौसेना के सात हेलिकॉप्टर उड़ाए गए, जिसके जरिए 3.2 टन राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाया गया।

सांसदों का सस्पेंशन: विपक्ष का हल्लाबोल

= सांसदों के सस्पेंशन पर जंतर-मंतर पर इंडिया का प्रदर्शन, 2-3 युवा संसद में घुसे तो भाजपा सांसद भागे, देशभक्तों की हवा निकली: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

केंद्र को घेरा

8 'कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूदकर अंदर आ गए। उन्हें कूदते हुए हम सबने देखा'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
संसद से 146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ शुक्रवार को इंडिया के नेता जंतर-मंतर पर जुटे। प्रदर्शन का नाम सेव डेमोक्रेसी प्रोटेस्ट (लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शन) दिया गया। प्रदर्शन में लेफ्ट पार्टियां, डीएमके, एनसीपी (शरद पवार गुट), सपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, टीएमसी, जेएमएम, आरजेडी समेत अन्य दल थे। संसद में सुरक्षा चूक पर राहुल गांधी ने कहा कि जो लोग खुद के देशभक्त होने का दावा करते हैं, उनकी हवा निकल गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी-शाह ने संविधान, डेमोक्रेसी को खत्म करने का प्लान बनाया है।

राहुल बोले- जो लोग संसद में घुसे, वो अंदर कैसे आए: राहुल ने कहा, 'कुछ दिन पहले संसद भवन में दो-तीन युवा कूदकर अंदर आ गए। उन्हें कूदते हुए हम सबने देखा। वे अंदर आए, उन्होंने थोड़ा धुआं फैलाया, भाजपा के सभी सांसद भाग गए... जो अपने आप को देश भक्त कहते हैं उनकी हवा निकल गई थी।' उन्होंने कहा, 'मैंने किसी से कहा कि देश में कहीं भी एक छोटा सा सर्वे करो कि देश के युवा मोबाइल (इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर) पर कितना समय बिताते हैं। जवाब मिला- साढ़े सात घंटे। नरेंद्र मोदी की सरकार में देश का युवा साढ़े सात घंटे सेलफोन पर रहता है, क्योंकि उसके पास रोजगार नहीं है। ये हिंदुस्तान की सच्ची हालत है। इसी के चलते वो युवा संसद में कूदकर आए।' '

'विपक्ष को स्पीकर के कहने पर विश्वास क्यों नहीं'

सांसदों के निलंबन पर एक बार फिर सरकार की तरफ से पक्ष रखा गया। दो केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन राम मेघवाल और प्रल्हाद जोशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मेघवाल ने कहा- स्पीकर संसद का कस्टोडियन (केयरटेकर) होते हैं। लोकसभा स्पीकर ने बार-बार कहा कि वो सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्हें स्पीकर की बात भरोसा क्यों नहीं है वे (विपक्षी सांसद) जानबूझकर चुनाव में हार की बदला ले रहे हैं। संसद में घुसपैठ बड़ा मुद्दा है।

मोदी विपक्ष रहित सदन चाहते हैं: सुरजेवाला

रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी विपक्ष रहित सदन चाहते हैं, लेकिन हम लड़ते रहेंगे। संसद में जो लोग घुसे थे, उन्होंने रंगीन धुआं उड़ाया था, अगर यह कुछ और होता तो देश की स्थिति कुछ और होती। प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे दिग्विजय सिंह ने कहा- हम सदन में सिर्फ गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहे थे। इस पर कई सांसदों को सस्पेंड कर दिया। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि संसद निर्णय लेने वाली सबसे बड़ी संस्था है। 700 से ज्यादा सांसद सीधे या अप्रत्यक्ष तरीके से चुनकर आते हैं। सरकार को सांसदों को सस्पेंड करने और इसके बाद सदन चलाने का अधिकार नहीं है।

केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन में शामिल हुए। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर गृहमंत्री का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

'विपक्षी नेताओं ने खुद निलंबन का अनुरोध किया'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
सांसद के शीतकालीन सत्र में बाधा डालने के लिए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष को फटकार लगाई है। उन्होंने विपक्ष को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार सांसदों को निलंबित करने के लिए इच्छुक नहीं थी, लेकिन विपक्षी पार्टी के कुछ सदस्य अपने ही सहयोगियों के निलंबन का अनुरोध लेकर आए थे। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा कि अगर विपक्षी को तीन नए आपराधिक कानूनों में कुछ गलत लगता है तो वह इसके खिलाफ अदालत में जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट में इस साल दर्ज केस से ज्यादा का निपटारा

यह 6 साल में सबसे ज्यादा, 52 हजार फैसले आए, पिछले साल से 31% ज्यादा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में कुल 52 हजार 191 मामलों को निपटाया है। पिछले साल शीर्ष कोर्ट ने 39 हजार 800 मामले निपटाए थे। इस साल कोर्ट ने पिछले साल की तुलना में 12 हजार (31.13%) ज्यादा मामलों को निपटाया। यह पिछले 6 साल में सबसे ज्यादा है। हालांकि, 6 साल पहले कितने केस निपटाए गए थे, सुप्रीम कोर्ट ने ये आंकड़ा नहीं दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने ये जानकारी शुक्रवार (22 दिसंबर) को प्रेस रिलीज जारी करके दी है। इसमें 1 जनवरी 2023 से 15 दिसंबर तक का डेटा सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट में इस साल 49,191 मामले सुनवाई के लिए आए थे। कोर्ट ने इस साल बैकलॉग के 3 हजार मामलों को भी निपटाया है। कोर्ट ने इसका श्रेय नई टेक्नोलॉजी को अपनाने और ज्यूडिशियल सिस्टम में हुए रिफॉर्म को दिया है।

कैसे बढ़ी सुप्रीम कोर्ट की केस निपटाने की रफ्तार?
सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस रिलीज में दावा किया कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ज्यूडिशियल सिस्टम को स्ट्रीम लाइन किया है। पहले केस के दाखिल होने के बाद उसकी सुनवाई में 10 दिन लगते थे। अब सुनवाई 5 या 7 दिन के अंदर हो जाती हैं। अब जमानत और अग्रिम जमानत के मामले एक दिन में या फिर तत्काल सुनवाई पर लगा दिए जाते हैं। इससे केस निपटाने की रफ्तार बढ़ी है।

सुप्रीम कोर्ट में 80 हजार से ज्यादा केस पेंडिंग: कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार (15 दिसंबर) को संसद में बताया था कि देश की अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं।

निपटाया

8 सुप्रीम कोर्ट ने ये जानकारी शुक्रवार (22 दिसंबर) को प्रेस रिलीज जारी करके दी है

'पंजाब कांग्रेस में बर्दाश्त नहीं की जाएगी अनुशासनहीनता'

टीम एक्शन इंडिया/कपूरथला
पंजाब कांग्रेस में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह बाजवा तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के बीच घमासान पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। वड़िंग ने कहा कि कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी हो उस पर कार्रवाई होगी। वड़िंग शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आप सरकार के खिलाफ चल रहे धरने प्रदर्शन के क्रम में कपूरथला पहुंचे थे।

दिल्ली में प्रदूषण बढ़ते ही फिर लगे ग्रैप-3 के प्रतिबंध

स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेप तीन के आठ सूत्री प्रतिबंध लागू कर दिया

दमघोंटू

8 वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों को स्कूलों का संचालन आनलाइन करने का निर्देश दिया

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। दो दिन थोड़ी राहत के बाद प्रदूषण स्तर बढ़ने से हवा की गुणवत्ता एक बार फिर 300 के पार पहुंच गया है। शुक्रवार की सुबह तो दिल्ली में एक्यूआई 450 दर्ज किया गया। स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेप तीन के आठ सूत्री प्रतिबंध लागू कर दिया है। दोबारा प्रदूषण के स्तर बढ़ने पर दिल्ली-एनसीआर में निर्माण-कार्य और ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल से चलने वाले चार पहिया वाहनों पर पाबंदी लग गई है। साथ ही स्टोन क्रसर के संचालन पर रोक लगाई गई है। सबसे बड़ी बात है कि हवा गुणवत्ता और खराब होने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और एनसीआर से संबंधित राज्य सरकारों को स्कूलों का संचालन आनलाइन करने का निर्देश दिया है।

'संसद में बहस के दौरान जाति का उल्लेख गलत'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। सभापति के अपमान के विरोध में भाजपा लगातार विपक्षियों पर निशाना साध रही है। हालांकि, इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस बात पर अफसोस जताया कि संसद में महत्वपूर्ण विषय पर हो रही बहस में जाति को बीच में लाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि

यह बेहद निराशाजनक है कि संसद में गंभीर बहस के दौरान जाति का उल्लेख किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने लोगों से 21वीं सदी में छोटी सोच से आगे बढ़ने का आग्रह किया।

यह है मामला: गौरतलब है, 19 दिसंबर को विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के निलंबित सांसद कल्याण बनर्जी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करते दिखे थे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी बनर्जी का वीडियो बनाते दिखाई दिए थे। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने तृणमूल सांसद की आलोचना की थी। नाराज धनखड़ ने कहा था कि यह शर्मनाक, हास्यास्पद, अस्वीकार्य है कि एक सांसद मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना की वीडियोग्राफी कर रहा है।

पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी के आसार

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
मौसम के बदले मिजाज के चलते प्रदेश भर में सर्दियों में बारिश के आंकड़ों में कमी दर्ज की जा रही है। यही वजह है कि दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। लेकिन प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। बारिश व बर्फबारी का असर राज्य भर में दिन के तापमान में भी देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले के कुछ हिस्सों के साथ तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश व बर्फबारी के आसार हैं।

बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटाया

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बजरंग ने पद्म पुरस्कार लौटाने का एलान करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखा है। इस खत की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बजरंग ने लिखा "मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूं। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरा स्टेटमेंट है।" बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए खत में लिखा "माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्सुएल हरासमैंट के गंभीर आरोप लगाए थे, जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था। आंदोलित पहलवान जनवरी में अपने घर लौट गए, जब उन्हें सरकार ने ठोस कार्रवाई की बात कही। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी जब बृजभूषण पर एफआईआर तक नहीं की तब हम पहलवानों ने अप्रैल महीने में दोबारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया ताकि दिल्ली पुलिस कम से कम बृजभूषण सिंह पर एफआईआर दर्ज करे, लेकिन फिर भी बात नहीं बनी तो हमें कोर्ट में जाकर एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी। जनवरी में शिकायतकर्ता महिला पहलवानों की गिनती 19 थी जो अप्रैल तक आते आते 7 रह गई थी।



निशाने पर

प्रदेश की आर्थिक स्थिति कुछ ठीक होते ही पुलिस की डाइट मनी को बढ़ाया जाएगा: सीएम

'दो सालों में 4032 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करने में नाकाम रही पूर्व भाजपा सरकार'

टीम एक्शन इंडिया/ धर्मशाला/चमन शर्मा
मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के वित्तीय वर्षों में 4032 करोड़ रुपए से अधिक की बजट आवंटित राशि खर्च करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि इस राशि में विभिन्न विभागों को अनुदान के तहत मिली रकम भी शामिल है। सुक्खू ने कहा कि अनुसूचित जाति का हितैषी होने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार 2020-21 में अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत आवंटित 408.35 करोड़ रुपए तथा 2021-22 में 611.26 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं कर सकी। इसी तरह अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत 2021-21 में आवंटित की गई 361.65 तथा 2021-22 में 373.40 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं की गई। मुख्यमंत्री शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय होशयार सिंह द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार को केंद्र ने धन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक राशि केंद्र से मौजूदा सरकार लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे भाजपा सदस्यों को यह मालूम नहीं कि उनकी सरका के वक्त श्रम एवं रोजगार विभाग में 117.78 करोड़ रुपए तथा 2021-22 में 21.99 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में 2020-21 में 45.03 करोड़ तथा 2021-22 में 165.51 करोड़ रुपए की राशि खर्च नहीं हुई। वन विभाग में 2020-21 और 2021-22 क्रमशः 68.60 करोड़ तथा 58.72 करोड़ रुपए की रकम खर्चा नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में इसी अवधि के दौरान 465.16 तथा 360.19 करोड़ रुपए की रकम सरकार खर्च नहीं कर सकी। पुलिस विभाग में उक्त दोनों वित्तीय वर्षों में क्रमशः 245.05 करोड़ तथा 91.62 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं हुई।

साधा निशाना

8 पुलिस विभाग में दोनों वित्तीय वर्षों में क्रमशः 245.05 करोड़ तथा 91.62 करोड़ रुपए की रकम खर्च नहीं हुई

'धीरज की कंपनी ने छिपाई बेहिसाब आमदनी'

आयकर विभाग का बड़ा बयान, डिजिटल डेटा भी किया गया जब्त

टीम एक्शन इंडिया/रांची।
झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिवार से जुड़े झारखंड, ओडिशा और बंगाल के ठिकानों पर पिछले दिनों की गई छापेमारी और नोटों की भारी बरामदगी के संबंध में आयकर विभाग ने आधिकारिक रूप से जानकारी दी। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि देसी शराब के निर्माण और व्यवसाय से जुड़े इस व्यावसायिक समूह के ठिकानों पर छापेमारी के क्रम में आयकर विभाग को बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य मिले हैं।

कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त: छापेमारी के क्रम में कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों का प्रारंभिक विश्लेषण करने से देसी शराब की बेहिसाब बिक्री के रिकार्ड का पता चला है, जिसकी आय छिपाई गई है। इसके साथ ही कंपनी संचालकों को होने वाली अघोषित नकदी आय और बेहिसाब नकदी की आवाजाही का भी विवरण मिला है। समूह की व्यावसायिक गतिविधियों को देखने वाले मुख्य कर्मचारियों ने यह स्वीकार भी किया है और तलाशी अभियान के दौरान मिली और जब्त की गई नकदी इसे प्रमाणित भी करती है। इस समूह अपनी कई व्यावसायिक संस्थाओं के माध्यम से आय होती है। इसकी पुष्टि परिवार के एक सदस्य ने की जो व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल है। तलाशी अभियान के दौरान सामने आए तथ्यों से संकेत मिलता है कि शराब के कारोबार से होने वाली भारी आय को समूह ने आयकर विभाग से छिपाया है। तलाशी अभियान के दौरान 351 करोड़ रुपये से अधिक अघोषित नकदी भी जब्त की गई है।

चमोली में राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा की परीक्षा में 602 अभ्यर्थी होंगे शामिल

टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) की ओर से 23, 24, 26 और 27 दिसम्बर को दो पालियों में राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा होगी। चमोली में कनिष्ठ अभियंता परीक्षा के लिए राइका गोपेश्वर और राबाइका गोपेश्वर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन दोनों परीक्षा केन्द्रों पर 602 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। 23 दिसम्बर को पहली पाली प्रातः 10 से 12 बजे तक दूसरी पाली दो से चार बजे तक होगी। जबकि अन्य तिथियों में पहली पाली नौ से 12 बजे और दूसरी पाली दो से पांच बजे तक आयोजित होगी।

कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने शुक्रवार को सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। सभी केंद्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व ब्रीफिंग की जाए और अभ्यर्थियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान तैयार किया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। पुलिस को परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी

तैयारी

8 23 दिसम्बर को पहली पाली प्रातः 10 से 12 बजे तक दूसरी पाली दो से चार बजे तक होगी

तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि महेन्द्र खत्री ने बताया कि राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा की परीक्षा के लिए जनपद चमोली में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें कुल 602 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

टनकपुर से देहरादून के लिए शुरू हुई वोल्वो बस सेवा

रवाना किया

8 मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून के लिए 42 सीटर वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

टीम एक्शन इंडिया/टनकपुर जनपद चम्पावत को आदर्श जिला बनाए जाने की परिकल्पना के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नित नए-नए आयाम गढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा चम्पावत की जनता को एक और सौगात दी गयी है। यहां टनकपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून के लिए 42 सीटर वोल्वो बस को हरी झंडी

दिखाकर रवाना किया। इससे उत्तराखंड परिवहन निगम टनकपुर के बेड़े में दो वोल्वो बस शामिल हो गयी हैं।
इससे पहले मुख्यमंत्री ने बनबसा में जगबुड़ा पुल पर बस की विधिवत पूजा अर्चना की। तत्पश्चात जगबुड़ा पुल से टनकपुर तक करीब आठ किमी वाल्वो बस में सफर किया। जनपद के सीमांत क्षेत्र टनकपुर और राजधानी देहरादून के बीच वोल्वो सेवा शुरू होने से लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

वीवीआईपी सुरक्षा के लिए आईजी रेंज करण सिंह ने किया फोर्स को ब्रीफ

टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार। उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारीरियों को संयुक्त रूप से ब्रीफ करते हुए अपने-अपने अनुभव से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। फोर्स से मुखातिब होते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि सभी ऑफिसर्स निर्धारित वर्दी में निर्धारित समय पर अपने ड्यूटी एरिया में पहुंचकर सभी कर्मचारियों की मौजूदगी चेक करेंगे और किसी भी कर्मचारी को

ड्यूटी के सम्बन्ध में शंका होने पर उसे मौके पर ही ब्रीफ करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ड्यूटी में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्रीफिंग में अपने संबोधन के दौरान आईजी रेंज करण सिंह नगन्याल ने पूर्व में हुए वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सभी प्वाइंट ये इंश्योर करें कि बिना चेकिंग कोई भी

दिशा-निर्देश

8 ब्रीफ करते हुए अपने-अपने अनुभव से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए

अन्दर प्रवेश नहीं करेगा। किसी भी महत्वपूर्ण ड्यूटी में तीन इंपॉर्टेंट जब, क्या और कहां महत्वपूर्ण शब्द है।
आपकी ड्यूटी कहां लगी है इसको पूरी तरह ध्यान में रखें।
अतिविशिष्ट महानुभाव के जनपद आगमन पर कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। ब्रीफिंग के दौरान एसपी क्राइम द्वारा सभी ट्रैफिक कर्मियों को नियमित रहने और सतर्कता से ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान एसपी जीआरपी, एसपी क्राइम, ट्रैफिक अजय गणपति कुंभार, एसपी ग्रामीण स्वप्न किशोर सिंह, कमांडेंट 40वीं वाहिनी पीएसी डिप्टी कमांडेंट प्रदीप कुमार राय, 40वीं वाहिनी पीएसी सुरजीत सिंह पंवार, एएसपी काशीपुर अभय कुमार एवं अन्य ऑफिसर्स मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

ओप्पो ए59 5जी सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन भारत में हुआ लॉन्च

देहरादून। अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाइस ब्रांड, ओप्पो ने ओप्पो ए59 5जी लॉन्च किया है। यह सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन है जिसका मूल्य 14,999 रुपये से शुरू होगा। यह डिवाइस 25 दिसंबर, 2023 से ओप्पो स्टोर, फ्लिपकार्ट, अमेजॉन एवं अन्य रिटेल स्टोर्स पर मिलेगी। ओप्पो ए59 5जी दो वैरिएंट्स - 4जीबी और 6जीबी रैम में सिल्क गोल्ड और स्टैरी ब्लैक कलर में आएगा।
ओप्पो ए59 5जी में चमकदार सिल्क-टेक्सचर्ड डिजाइन के साथ 90 हर्ट्ज की सनलाइट स्क्रीन है। इसमें 33 वॉट सुपरवूक फ्लैश चार्जिंग सिस्टम के साथ 5,000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है, जो पूरे दिन बिना लैग के शानदार परफॉर्मेंस सुनिश्चित करती है। ओप्पो ए59 5जी में 36-महीने की फ्लुएंसी प्रोटेक्शन और 300प्रतिशत अल्ट्रा वॉल्यूम मोड जैसी विशेषताएं हैं, जो इस मूल्य वर्ग में ए सीरीज में पहली बार दी गई हैं।
डिजाइन और डिस्प्ले ओप्पो ए59 5जी अपने स्लिम बॉडी डिजाइन के साथ काफी स्लीक है, और इसे हाथ में पकड़कर रखना बहुत आरामदायक है। इसके अलावा यह इसे प्रीमियम लुक भी देता है। इसमें 720 निट्स की ब्राइटनेस और 90 हर्ट्ज की सनलाइट स्क्रीन है, जो बहुत शानदार विजुअल अनुभव प्रदान करती है। इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग का सुगम अनुभव प्राप्त करने के लिए इसमें 96प्रतिशत एनटीएससी हाई कलर गेमट दिया गया है।
शक्तिशाली बैटरी और फ्लैश चार्जिंग ओप्पो ए59 5जी में 5,000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ 33 वॉट की सुपरवूक फ्लैश चार्जिंग दी गई है। इसमें एआई द्वारा पावर्ड इनोवेटिव ऑल-डे चार्जिंग प्रोटेक्शन यूजर के चार्जिंग पैटर्न के अनुरूप अनुकूलित होकर दिन के लिए सेगमेंटेड चार्जिंग प्लान बना लेता है। जब मोबाइल 80प्रतिशत चार्ज हो जाता है, तब यह चार्जिंग को रोक देता है, और जरूरत पड़ने पर फिर से चार्जिंग शुरू कर देता है। इस प्रकार बैटरी भी खराब होने से बचती है। इसके अलावा, इन्हेंस्ड नाइट चार्जिंग मोड में उपयोग के अनुमान के मुताबिक चार्जिंग अपने आप एडजस्ट हो जाती है, और यूजर को बैटरी की कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं पड़ती। इसके अलावा, इस डिवाइस में सुपर पॉवर सेविंग मोड और नाइट मोड में अल्टीमेट स्टैंडबाय जैसी विशेषताएं भी हैं।

नए भारत का नया कानून, अब दंड के बदले मिलेगा न्याय: शाह

देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में 3 नए क्रिमिनल विधेयक को पेश किया गया। तीनों नए क्रिमिनल विधेयक लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहाँ से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। यह तय है कि कानून के बनते ही गुलामी की मानसिकता और अंग्रेजों की निशानी से छुटकारा मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अमृतकाल में गुलामी की निशानी को उखाड़ फेंकने और जन-जन को दंड के बदले न्याय दिलाने की पूरी तैयारी कर ली है। शाह का स्पष्ट मानना है कि इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन एविडेंस कोड उस दौर में अंग्रेजों द्वारा थोपे गए ऐसे कानून हैं जो न्याय के लिए नहीं बल्कि दंड के लिए बनाए गए थे। शाह के इस कदम से अब इंडियन पीनल कोड 1860 का नया नाम भारतीय न्याय संहिता 2023 होगा, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898 का नया नाम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 होगा और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 का नाम भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 होगा। बीते 9 वर्षों में यह देखा गया है कि मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो और वादे को बखूबी निभाया है। मोदी सरकार ने वादा किया था कि सरकार बनते ही धारा 370 और 35 ए को हटा दिया जाएगा। राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक और भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह की सख़्त नीतियों के कारण आज धारा 370 और 35 ए हट चुकी है। नतीजतन कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मोदी.शाह की जोड़ी ने एक तरफ जहाँ मुस्लिम महिलाओं के सम्मान में तीन तलाक को हटाने का वादा पूरा किया तो दूसरी ओर लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर देश की मातृ-शक्ति को सम्मान देने का काम भी किया है।
आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लाने का अपना वादा भी भाजपा ने पूरा किया है। इसके कारण तीन हॉट स्पॉट द जम्मू.कश्मीर, वामपंथी उग्रवादी क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट-में आतंकी घटनाओं में 65 प्रतिशत की कमी आई है और मृत्यु में 73 प्रतिशत की कमी आई है। पूर्वोत्तर से 70 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों से अफस्पा को हटा लिया गया है। मोदी सरकार ने वादा किया था

मैं शंख बजाते चलता हूं, मेरे साथ चलिए: डॉ प्रणव पण्ड्या

टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि मैं गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा दिये गये शंख को बजाते हुए (गायत्री महामंत्र का विस्तार) चलता हूं, आप सब मेरे साथ चलिए। भारत सहित पूरी दुनिया में सद्बुद्धि की अधिष्ठात्री मां गायत्री के सद्विचार और मंत्र को फैलाना है। सद्विचार आपके मानसिक स्तर को परिष्कृत करेगा और गायत्री महामंत्र की साधना आध्यात्मिक उर्जा से पोषित करेगी। डॉ पण्ड्या शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। डॉ पण्ड्या ने कहा कि गायत्री साधना न केवल साधक को ऊंचा उठने में मदद करती है, वरन इस मंत्र के जप से साधक का तन मन दोनों सुदृढ

सद्विचार

8 भारत सहित पूरी दुनिया में सद्बुद्धि की अधिष्ठात्री मां गायत्री के सद्विचार और मंत्र को फैलाना है

होता है। मुझे इस महामंत्र के जप से अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं। आपको भी मिल सकते हैं। डॉ पण्ड्या ने कहा कि लगन व निष्ठा से किया जाने वाले प्रत्येक कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। पूरी दुनिया का कोई भी व्यक्ति इस मंत्र की साधना कर सकता है। अपनी आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति से तपोनिष्ठ पूज्य आचार्य जी ने कहा है कि गायत्री मंत्र की साधना सभी के लिए है।

इतिहास में अमर रहेगा स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती का नाम: ऋषिश्वरानंद

हरिद्वार: श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती भारत के उन महान राष्ट्रभक्त सन्यासियों में अग्रणी थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन स्वाधीनता, स्वराज्य, शिक्षा तथा वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित किया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना कर हिंदू समाज व भारत को संगठित करने में उनका अतुल्य योगदान सर्वविदित है। ऐसे महापुरुषों को संत समाज नमन करता है। संस्थान गुरुकुल के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती महाराज के बलिदान दिवस से पूर्व संत समाज ने उन्हें युगपुरुष बताते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मकान में चल रहा था देह व्यापार का गोरखधंधा, दो युवतियों समेत तीन गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार एक मकान में देह व्यापार की सूचना पर सिडकुल पुलिस ने छापेमारी कर दो युवतियों व एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कमरे से आपत्तिजनक सामग्री व नकदी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सिडकुल थाना क्षेत्र के एक मकान में देह व्यापार की सूचना मिली। पुलिस टीम ने हेत्तमपुर में शिवम अकेडमी के निकट स्थित मकान में छापेमारी की। जहां से पुलिस ने 02 युवतियों और 01 युवक को आपत्तिजनक स्थिति में दबोचा। तीनों को हिरासत में लेकर अनैतिक व्यापार (निवारण)

अधिनियम के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पकड़े गए युवक का नाम शीतल सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी ऊधमसिंह नगर हाल पता सुमननगर रानीपुर हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने मकान से आपत्तिजनक सामग्री व नकदी बरामद की है।

आईआईएम काशीपुर ने रेल प्रबंधन में एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम लॉन्च किया

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून-भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर और जेनिथ रेलवे अकादमी ने आधुनिक रेलवे प्रोफेशनल्स के लिए एक एक्जीक्यूटिव मैनेजमेंट प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। 11 महीने का ह्यएक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन रेल मैनेजमेंटह्न कार्यक्रम पेशेवरों और अधिकारियों को आज के गतिशील रेल उद्योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता और प्रबंधकीय कौशल से लैस करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। हाल के केंद्रीय बजट में रेलवे के लिए परिव्यय 2013-2014 में प्रदान की गई राशि के मुकाबल नौ गुना बढ़ गया है, जिसका उपयोग रेलवे डिजिटलीकरण पहल, ट्रैक आधुनिकीकरण और देश में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के निर्माण के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, दुनिया भर में रेलवे नेटवर्क में बड़े पैमाने पर विस्तार परियोजनाएं चल रही हैं।

गंगा आरती में पदक विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

सम्मानित

8 महिला गंगा आरती में पूनम सोनी और अक्षय त्यागी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के तत्वाधान में गंग सबलाओं द्वारा की जा रही विश्व की प्रथम गंगा आरती में पूणानंद घाट जानकी पुल में महिलाओं ने पूजन-अर्चना कर गंगा आरती में महिलाओं द्वारा हरिद्वार की पूनम सोनी आयु 16 वर्ष से कम 17 वर्ष श्रेणी, उत्तराखंड स्कूल राज्य हरिद्वार शांति कुंज 2022, 2023 स्वर्ण

पदक जीता, एनएसएफआई राष्ट्रीय महासंघ मथुरा रजत पदक एवं भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय चौम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता और हरिद्वार के अक्षय त्यागी उम्र 17 साल स्कूली गेम्स स्टेट में गोल्ड मेडल नेशनल गोल्ड जो मथुरा में हुआ था और इंटरनेशनल गोल्ड मेडल इंडो नेपाल चौंपियनशिप विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित, उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। पूनम सोनी और अक्षय त्यागी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने कहा कि ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कठोर परिश्रम कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेलते हुए लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करना चाहिए।
खिलाड़ी के जीवन में हार जीत कोई खास मायने नहीं रखती बल्कि खिलाड़ी को हारने पर ओर अधिक मेहनत करनी चाहिए। महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट अध्यक्ष हरिओम शर्मा ज्ञानी जी, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विशाल भट्ट, डॉ. ज्योति शर्मा, आशा ढंग, गायत्री देवी, वंदना, प्रमिला, गंगा दास आदि उपस्थित रहे।

सैंजी लगे मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग का निर्माकार्य पूरा करने को लेकर ग्रामी णों ने उठाई आवाज

टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर उर्गम घाटी के ग्रामीणों ने सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग के निर्माण कार्य को शुरू किये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है। उर्गम घाटी के सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह सनवाल, बहादूर सिंह रावत, जनदेश संस्था के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी, प्रताप सिंह राणा का कहना है कि सैंजी लगा मैकोट-बैमरू मोटर मार्ग वर्ष 2007 में स्वीकृत हुआ था। इससे दशोली विकास खंड के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को लाभान्वित होना था लेकिन पीएमजीएसवाई पोखरी की अनदेखी के चलते आज तक यह मोटर मार्ग नहीं बन पाया है। ग्रामीण समय-समय पर मोटर मार्ग निर्माण कार्य पूरा करने के लिए आंदोलन और पत्राचार करते रहे। इसके

बाद वर्ष 2019 में मोटर मार्ग का पुनरीक्षित प्लान बनाया गया और सड़क की दूरी साढ़े तीन किलोमीटर घटा दी गई। जबकि मोटर मार्ग की कुल दूरी 32 किलोमीटर से अधिक थी। इसके बावजूद सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। उनका यह भी कहना है कि जिलाधिकारी चमोली ने भी इस मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया था लेकिन उसके बाद भी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, मुरादाबाद मंडल ने पथरी रेलवे स्टेशन पर/ उसके पास गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी) www.ireps.gov.in पर ई-टेंडरिंग मोड के माध्यम से प्रकाशित की है।

क्र. सं.	स्टेशन	परियोजना की लागत	अंतिम राशि जमा (रुपये में)	निविदा दस्तावेज की कीमत GST सहित	निविदा पत्र जमा करने की तारिख व समय
1.	Pathri (PRI)	Rs. 20,13,13,147.82	Rs. 2,01,31,400	Rs. 11,800	12.01.2024

3999/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
पत्र सं. 13/वरि. म. सा. प्र./2023 दिनांक 21.12.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा सामग्रीकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भंडार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	निविदा संख्या	माल का विवरण	मात्रा	बयाना राशि	अनुमानित मूल्य	निविदा खुलने की तिथि
1	97235679A	1. आपूर्ति, साइट पर परिवहन, स्थापना, स्वीकृति, परीक्षण कमीशनिंग और 3 साल की ऑनसाइट व्यापक वारंटी और स्मार्ट कार्ड संचालित स्वचालित टिकट वेंडिंग की सहायता सेवाएँ मशीनें (एटीवीएम) सलग्न विशिष्टता के अनुसार।	18 Nos	रु. 73920/-	रु. 3695760/-	11.01.2024
		2. आपूर्ति, साइट पर परिवहन, स्थापना, स्वीकृति, परीक्षण कमीशनिंग और 3 साल की ऑनसाइट व्यापक वारंटी और स्मार्ट कार्ड संचालित स्वचालित टिकट वेंडिंग की सहायता सेवाएँ मशीनें (एटीवीएम)। प्रमाणित विनिर्देश के अनुसार	9 Nos			

नोट:- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास- II डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्युल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
4002/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुख्यमंत्री ने दिव्य पूजा प्रणाली का किया शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज राज्य की पहली ऑनलाइन पूजा प्रणाली दिव्य पूजा प्रणाली का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से भक्तों को घर बैठे ही ऑनलाइन पूजा की सुविधा उपलब्ध होगी। कांगड़ा जिला के माता ब्रजेश्वरी मंदिर, माता चामुंडा मंदिर और माता ज्वालामुखी मंदिर में वेबसाईट के माध्यम से वर्चुअल पूजा की सुविधा प्रदान की गई है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालु किसी भी स्थान से ऑनलाइन पूजा और मंदिरों के लिए दर्शन पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रणाली के माध्यम से भक्तों के लिए दान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है। दान की गई राशि की ऑनलाइन रसीद की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर विशेष अवसरों के लिए ई-पूजा

बुकिंग, सराय बुकिंग, ऑनलाइन प्रसाद प्राप्त करने, ऑनलाइन दान करने के साथ-साथ मूर्तियों तथा पुस्तकों सहित धार्मिक वस्तुओं की खरीद की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। जिला प्रशासन ने भक्तों के घरद्वार तक इन वस्तुओं की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारतीय डाक विभाग के साथ समन्वय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट का वर्ष 2024 का कैलेंडर भी जारी किया। कांगड़ा के उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने ऑनलाइन पूजा प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, सहित आदि उपस्थित रहे।

अग्नि प्रभावितों के लिए भी बढ़ाई जाए राहत राशि: शौरी

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

प्रदेश में भिन्न-भिन्न तरह की आपदाओं से निपटने व राहत के लिए सरकार द्वारा मानदंड निर्धारित किए गए हैं। हाल ही में प्रदेश में बरसात जनित आपदा से बृहत स्तर पर नुकसान के बाद से प्रदेश सरकार ने प्रभावितों के लिए राहत जारी करने के लिए निर्धारित मापदंडों व एसओपी में बड़े बदलाव किए थे। ऐसी आपदा से प्रभावितों के लिए राहत राशि में अच्छी खासी बढ़ोतरी की गई थी। ऐसे में अब माँग उठी है कि अग्निकांड प्रभावितों के लिए भी राहत राशि व अन्य प्रावधानों में अन्य आपदाओं से सबंधित मामलों की भांति बढ़ोतरी की जाए और यह माँग उठाई है बंजार विधानसभा

क्षेत्र से विधायक सुरेन्द्र शौरी ने विधानसभा के धर्मशाला शीतकालीन सत्र के दौरान बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस बाबत माँगपत्र लेकर मिले। गौर रहे कि कुछ दिन पूर्व ही बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पटहिला गाँव में अग्निकांड से 10 घर जल गए थे।

राज्यपाल ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज रेडक्रॉस भवन, शिमला में लायंस क्लब शिमला के सहयोग से राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने रक्तदाताओं के साथ संवाद करते हुए परोपकारी कार्य के लिए उनकी निःस्वार्थ सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य रेडक्रॉस अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से आम जनता में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ ऐसे शिविरों के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल है। इस अवसर पर राज्यपाल ने रक्तदाता प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, नगर निगम शिमला की पूर्व महापौर कुसुम सदरेट और लायंस क्लब शिमला के अध्यक्ष विकास सेठ उपस्थित थे।

रोटरी क्लब कुल्लू ने प्रभावितों के घर बनाने में मदद के लिए टिन की चादरें भिजवाई

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

जैसा विदित है कि पिछले दिनों सैंज के पठहिला गाँव में भीषण अग्नि कांड हुआ था जिसमें तकरीबन 15 परिवार प्रभावित हुए थे। तक?ीबन 10 आशियाने पूरी तरह से आग की भेंट चढ़ गये। विभिन्न संस्थाएं इन प्रभावितों को जरूरत का सामान मुहैया करवा रहीं हैं। इसी कड़ी में टाटा स्टील के चैनल पार्टनर मंगला सन्स के सहयोग से रोटरी क्लब कुल्लू ने प्रभावितों के घर बनाने में मदद के लिए टिन की चादरें भिजवाई। रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष अंशुल पराशर ने कहा कि रोटरी

क्लब हमेशा से समाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी रहा है और समय-समय पर यथासंभव सहायता के लिए आगे आया है ओर भविष्य में भी इस तरह के नेक कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा। इस मौके पर रोटरी क्लब कुल्लू की ओर से रोटेरियन विनोद सोनी, रोटेरियन अमन भल्ला, रोटेरियन राजीव सिंह, रोटेरियन इंदीवर मेहता एरोटेरियन राजेश दूसेजा, रोटेरियन अंकुर अग्रवाल, रोटेरियन कमल राणा विशेष रुप से उपस्थित रहे।

'स्वास्थ्य व शैक्षणिक संस्थानों के प्रति उदासीनता पर रोष

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा गत एक वर्ष के दौरान स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थानों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने पर रोष व्यक्त किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने आते ही पिछली भाजपा सरकार द्वारा खोले गए हजारों स्वास्थ्य और शैक्षिक संस्थान यह कहकर बंद कर दिए थे कि इन्हें मेरिट के आधार पर फि र से खोल दिया जाएगा परंतु एक साल का कार्यकाल बीत जाने के उपरांत भी सुक्खू सरकार ने एक भी स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थान पुनः नहीं खोला। उन्होंने कहा की प्रदेश के दूरदराज इलाकों में आम

लोगों की गंभीर समस्याओं के मद्देनजर भाजपा सरकार ने न केवल नए स्वास्थ्य संस्थान खोले थे अपितु कुछ स्वास्थ्य संस्थानों को अपग्रेड भी किया था परंतु सुक्खू सरकार ने आते ही इन संस्थाओं को बंद कर दिया और आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला में हरिपुरधार जैसे पिछड़े इलाके में भाजपा सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को स्तरोन्नत कर सिविल अस्पताल बनाया था और वहां चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती भी हो चुकी थी परंतु कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालते ही हरिपुरधार के सिविल अस्पताल को बंद कर दिया और वहां तैनात डॉक्टरों और स्टाफ को वापस भेज दिया। उन्होंने बताया कि संगड़ाह विकासखंड की ग्राम पंचायत शिवपुर के गांव अरट में भाजपा सरकार द्वारा इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों की मांग पर उप स्वास्थ्य केंद्र खोला गया था परंतु कांग्रेस सरकार ने आते ही इसे भी डीनोटिफ ाई कर दिया। इसके अलावा सुख सरकार ने आते ही संगड़ाह में भाजपा सरकार द्वारा खोले गए विद्युत मंडल कार्यालय और ददाहू के विकासखंड कार्यालय को भी बंद कर दिया। मेलाराम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता इस क्षेत्र में डीनोटिफ ाई किए गए संस्थानों के प्रति गूंगे बहरे और अपने क्षेत्र में ठप्प पड़े विकास कार्यों के प्रति मूकदर्शक बने हुए हैं।

उन्होंने कांग्रेसी नेताओं को चेतावनी दी कि यदि वे अपने क्षेत्र में बंद किए गए स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थाओं को अपनी सरकार से पुनः खुलवाने के लिए इसी प्रकार का उदासीन रवैया अपनाते रहे तो उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावो में क्या मुंह लेकर लोगों के बीच जाएंगे और उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

हिमाचल प्रदेश सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य पुरस्कार से सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया/शिमला।

हिमाचल प्रदेश को देशभर में सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रदेश को यह पुरस्कार एग्रीकलचर टुडे ग्रुप द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 14वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉनक्लेव-2023 के अवसर पर प्रदान किया। प्रदेश की ओर से यह पुरस्कार बागवानी सचिव सी. पॉलरासु ने प्राप्त किया। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सर्वश्रेष्ठ बागवानी राज्य का पुरस्कार प्राप्त होने पर राज्य के किसानों और बागवानों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

'केंद्र की नीतियों व कार्यक्रमों से देश का हर वर्ग हुआ लाभांवित'

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत मनाली विधानसभा की बंदरोल पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में आज पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष गोबिंद सिंह ठाकुर ने विशेष तौर पर भाग लिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने केंद्र सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों से जनता को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों से देश का हर वर्ग लाभांवित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर वर्ग के हित के लिए

कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मनाली विधानसभा में इस यात्रा के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। मनाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जान्ना एवं ग्राम पंचायत अरछंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश पूर्व की उपाअध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहीं इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया की आम जनमानस वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्पों की सिद्धि हेतु उत्साहित हैं। इस अवसर पर मनाली मंडल के अध्यक्ष ठाकुरदास वशिष्ठ वार्ड से जिला परिषद मीना ठाकुर मनाली मंडल के महामंत्री बागेश शर्मा मीडिया प्रभारी गौरव ठाकुर बीडीसी सदस्य इंद्रदेव महामंत्री एसटी मोर्चा रघुवीर सिंह और पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचांयत देउठा व ग्राम पंचायत चनोंन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जन कल्याण योजनाओं के बारे में उपस्थित जन समूह को जानकारी दी गई। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के शाट पंचायत और जलुग्रां पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय जनता को यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर क्षेत्र के पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, कुल्लू युवा मोर्चा अध्यक्ष दिग्विजय, जिला सचिव सुशील, मण्डल मीडिया प्रभारी अरुण कंबोज व पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित पंचायत प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राजकीय उच्च विद्यालय कुनेड़ की छात्राओं ने प्रदेश भर में विद्यालय का नाम किया रोशन

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

संस्कृत अकैडमी शिमला द्वारा बिलासपुर के किसान भवन में आयोजित राष्ट्रीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिला चंबा से आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया इनमें राजकीय उच्च पाठशाला कुनेड़ की अदिति ठाकुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था जबकि श्रुति ठाकुर ने चौथा स्थान हासिल करके स्कूल के साथ-साथ जिला चंबा का नाम भी रोशन किया है। प्रतिभागी छात्राओं तथा उनके

अध्यापक जोगिंद्र चौहान के विद्यालय पहुंचने पर शुक्रवार को विद्यालय द्वारा उन्हें सम्मान समारोह आयोजित करके सम्मानित किया गया जिसमें स्थानीय पंचायत के प्रधान विष्णु राम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद पंचायत उप प्रधान तिलकराज मुख्य अध्यापक तरसेम राज तथा अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

डीएवी पब्लिक स्कूल के 107 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न डीएवी विद्यालयों मे आयोजित डीएवी नैशनल स्पोर्ट्स (राज्य स्तरीय) के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के 107 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुए 12 व 17 दिसम्बर को विभिन्न डीएवी विद्यालयों में आयोजित ईन प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर से आए बच्चों ने भाग लिया। इनमें डीएवी पब्लिक हमीरपुर से अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक व

बालिका वर्ग में ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 55 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। इसी तरह अथलैटिक्स के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में 5 छात्राओं व 4 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है।हैंडबाल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में अंडर-14 वर्ग में 12 छात्राओं व अंडर-17 वर्ग में 12 छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है। बास्केट बॉल में 5 खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित हुए हैं। कुश्ती प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में अंडर-19 बालक वर्ग में 2 व अंडर-17 बालक वर्ग मे 2 छात्र इसी तरह बाक्सिंग में अंडर-17 बालक वर्ग मे 1 छात्र चयनित हुए। राज्य स्तरीय स्कूल बैंडमिनटन प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में 2 विद्यार्थियों शिवांश तथा सार्थक व अंडर-14 बालिका वर्ग में श्रेया व श्रुर्ति का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ।

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण मणिकर्ण (साडा) की बैठक आज उपायुक्त एवं अध्यक्ष साडा आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में साडा के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि साडा के अंतर्गत कसोल व मणिकर्ण पंचायत आती हैं। उन्होंने कहा कि कसोल में जैलानाला सडक के विस्तारीकरण का प्राक्कलन लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कर डीपीआर मंजूरी के लिए भेजी गई है। उन्होंने साडा बैरियर पर आवश्यक

संख्या में होमगार्ड के जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिए ताकि पर्यटकों की आवाजाही बढ? से व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सके। उन्होंने बताया कि मणिकर्ण मंदिर के पास पर्यटन विभाग की भूमि पर घाट का निर्माण के निर्देश दिये ताकि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधा मिल सके साथ ही पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि कसोल-ग्राहन सडक का निर्माण नाबार्ड के अंतर्गत किया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को शीघ्रता से आगे बढने के निर्देश दिए।

जेईई और नीट की क्लास में पहुंचे डीसी हेमराज बैरवा

टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ

उपायुक्त हेमराज बैरवा की विशेष पहल पर जिला के सरकारी स्कूलों के चयनित मेधावी विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही जेईई और नीट परीक्षा की निशुल्क कोचिंग क्लासेज में विद्यार्थियों से संवाद के लिए उपायुक्त ने शुक्रवार को ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर का दौरा किया।

सरकारी स्कूलों के मेधावी बच्चों के लिए आरंभ करवाई हैं निशुल्क कक्षाएं

इस दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों से कोचिंग कक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने विद्यार्थियों से भी काफ ी समय तक बातचीत की और कोचिंग कक्षाओं के बारे में फ ीडबैक भी लिया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्द्धन किया और उन्हें पूरे आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत एवं सुनियोजित ढंग से जेईई तथा नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल आईआईटी कानपुर के छात्र रहे उपायुक्त हेमराज बैरवा को अपने बीच पाकर तथा उनसे संवाद करके विद्यार्थी काफ ी उत्साहित नजर आए। उपायुक्त ने कहा कि वह नियमित रूप से इन कोचिंग कक्षाओं में आकर विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला हमीरपुर ने शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन जेईई और नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में यहां के विद्यार्थियों की सफ लता दर में वृद्धि की काफ ी संभावनाएं हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने शिक्षा विभाग के सहयोग से सरकारी स्कूल के चयनित विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है। इन कक्षाओं में विशेषज्ञ शिक्षक फि जिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और गणित की कोचिंग दे रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि बच्चों को स्टडी मैटीरियल और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर के प्रधानाचार्य सुनील चौहान, निशुल्क कोचिंग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनोहर लाल, फ ीजिक्स के लेक्चरर अरुण कुमार और अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

तकसीम के मामलों के शीघ्र निवारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

हिमाचल प्रदेश सरकार लंबित राजस्व मामलों के निपटान को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। इसी दिशा में कुल्लू जिला प्रशासन द्वारा भी राजस्व मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया गया है ताकि राजस्व विशेष कर तकसीम के लंबित मामलों का तुरन्त निष्पादन किया जा सके। तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव ने कहा कि कुल्लू तहसील के पटवार वृत खराहल, पटवार वृत काईस, पटवार वृत

जाणा, पटवार वृत नथान व पटवार वृत नग्गर के अंतर्गत आने वाले सभी तकसीम के मामलों के शीघ्र निवारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पटवार वृत खराहल में पटवार भवन खराहल स्थित नियुली में 26 दिसम्बर प्रातः 9 बजे से, पटवार वृत काईस मे पटवार भवन सेऊबाग में 26 दिसम्बर को दोपहर बाद 2 बजे से, पटवार वृत नाथन व जाणा के पटवार भवन जाणा स्थित हिरनी में 27 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से तथा पटवार वृत नग्गर में पंचायत भवन नग्गर में दोपहर बाद 2 बजे से लंबित तकसीम के मामलों का निपटारा किया जायेगा।

संपादकीय

उत्तर प्रदेशः कैसे बना भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

योगी ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है। विश्लेषण मंच एसओआईसी के अनुसार सेंसेक्स तथा क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया आधारित रिपोर्ट्स के हिसाब से देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर आ गया है। यह परिणाम योगी सरकार द्वारा किए जा रहे अहर्निश, ईमानदार एवं अनथक प्रयासों का परिणाम है। देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तर प्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है।

आइये जानते हैं की योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से सात साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। घरेलू बाजारों की मांग एवं क्रय शक्ति सीमित होती है जो एक सीमित राजस्व ही पैदा करने में सक्षम होती है। एक्सपोर्ट के माध्यम से एक विशालकाय बाजार के साथ अच्छे लाभ एवं राजस्व प्राप्ति का रास्ता भी खुलता है।

योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले छह वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के डेटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड़ रुपये का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ रुपये का हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा दो लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह सूचनाएं सिद्ध करती हैं कि कभी बीमारू राज्य का टैग लेकर घूमने वाला उत्तर प्रदेश योगी सरकार की क्रांतिकारी नीतियों के कारण भारत का नया एक्सपोर्ट हब बनने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश का 60 प्रतिशत निर्यात दुनिया के 10 देशों वियतनाम, नीदरलैंड, फ्रांस, चीन, मिश्र, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम तथा जर्मनी को होता है। 2022-23 में सबसे अधिक निर्यात 32,800 करोड़ अमेरिका को, 14,300 करोड़ संयुक्त अरब अमीरात को तथा लगभग दस-दस हजार करोड़ जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम को हुआ। उत्तर प्रदेश से वर्तमान में सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कॉटन, कृत्रिम फाइबर आदि के साथ गेहूं, चावल, कालीन एवं हस्तशिल्प भी महत्वपूर्ण निर्यात सामग्री है। परंतु चौंकाने वाली बात यह है कि इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं उत्तर प्रदेश के संपूर्ण निर्यात का 18.9 प्रतिशत है। इसके बाद कपड़ा उद्योग 9.5 प्रतिशत का योगदान करता है।

किसानों कि बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

रमेश सर्राफ धमोरा

> "चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूणार्नंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे"

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसीलिये देश के लोगो का आज भी मानना है कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर,1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था।



1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूणार्नंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था।

चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्धारा किसानो के हित में किये गये कायों को देखते हुये वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते अभी तक उनको उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। नरेन्द्र मोदी सरकार को चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित करनी चाहिये। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ेगा।

कविता

संजीव-नी'

आजमा कर देख बेदर्द जमाने को।

रिश्ते अपने रिश्तों से दूर होने लगे है,
क्यों लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं '

दुश्मनो से दोस्त कर रहें है गुजारिश,
भोले चेहरे कितने मगरूर होने लगे है।

जमाने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।

आजमा कर देख,बेदर्द जमाने को,
चेहरे पर कई चेहरे,जरूर होने लगे है।

नाते,रिश्ते सब अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।

तमन्नाये न रख सुनहरे पंखों की अब,
सारे सपने अब चूर चूर होने लगें है।

फकीरी,शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम,पुरनूर होने लगें हैं।

संजीव

श्रीनिवास रामानुजन: एक रहस्यमय प्रतिभा

विजय गर्ग

यह 22 दिसंबर हमारे अपने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन-एफआरएस की 134वीं जयंती है और इसे राष्ट्रीय गणित दिवस (जीएएनआईटी) के रूप में मनाया जाता है। वह व्यक्ति जिसने भारत को विश्व गणित मानचित्र पर लाया, गणित में बिना किसी औपचारिक शिक्षा के आधुनिक दुनिया के महानतम विचारकों में से एक माना जाता है। सपना देखा और यह एक सामान्य व्यक्ति के लिए पर्याप्त प्रयास के बिना हमेशा संभव नहीं होता है। लेकिन स्व-सिखाए गए गणितज्ञ रामानुजन के लिए कहानी अलग है, जिन्होंने इस धरती पर अपने 32 वर्षों के जीवन काल में पूरी दुनिया को अपने सपनों का उपहार दिया है, जो किसी भी हद तक प्रयास करने से कभी नहीं कतराते। रामानुजन भारत से उभरे सबसे महान गणितीय प्रतिभाओं में से एक थे। श्रीनिवास अयंगर रामानुजन, जिन्हें आमतौर पर रामानुजन के नाम से जाना जाता है, का जन्म 22 दिसंबर 1887 को मद्रास प्रेसीडेंसी के इरोड में एक श्री वैष्णव ब्राह्मण परिवार में हुआ था। रामानुजन ने प्रारंभ में ही गणित के प्रति गहरा रुझान दिखाया। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी असाधारण शक्तियों को लगभग तुरंत ही पहचान लिया गया था। वह शांत और ध्यानमग्न थे और उनकी याददाश्त असाधारण थी। उन्होंने मानसिक रूप से कई दशमलव स्थानों, स्त्र, ई और अन्य गणितीय स्थिरांकों की गणना करके अपने दोस्तों और शिक्षकों को आश्चर्यचकित कर दिया। रामानुजन "शून्य और काल्पनिक मात्राएँ", "तारों की दूरियाँ" और शून्य के मान को शून्य से विभाजित करने आदि के बारे में उलझाने वाले प्रश्न पूछते थे। 13 साल की उम्र तक, उन्होंने एस. एल. लोनी द्वारा लिखित उन्नत त्रिकोणमिति पर पुस्तक में पूरी तरह से महारत हासिल कर ली। उन्होंने 15 साल की उम्र में घन समीकरणों को हल करने का अपना तरीका ढूंढ लिया था। प्राथमिक विद्यालय में, उन्होंने अपने गणना कौशल के लिए कई पुरस्कार जीते। 1904 में स्नातक होने पर, उन्होंने सरकारी उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त की। कॉलेज, कुंभकोणम। 1903 में जब वे 16 वर्ष के थे, रामानुजन ने जी.एस. कैर की एक पुस्तक की एक प्रति उधार ली, जिसका शीर्षक था 'शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित में प्राथमिक परिणामों का एक सारांश, यह वह पुस्तक थी जिसने उनकी प्रतिभा को जागृत किया। उन्होंने उसमें दिए गए सूत्रों को स्थापित करने के लिए खुद को तैयार किया। गणित के प्रति अपने जुनून के कारण रामानुजन ने अन्य सभी विषयों की उपेक्षा कर दी। परिणामस्वरूप, वह मद्रास विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में असफल हो गये। हालाँकि, उन्होंने अपने गणितीय शोध को तीव्रता के साथ जारी रखा और, अपने शुरूआती बिसवां दशा में, इस क्षेत्र के प्रमुख गणितज्ञों के बीच जाने जाने लगे।

विचार

रात्रि - आकाश का सौंदर्य

विजय

महात्मा गांधी और विनोबा भावे के अहिंसक विचारों के समर्थक आस्ट्रेलियाई मूल के एक दार्शनिक हुए हैं, इवान इलिच । उनका विचार था कि वाहनों ने मनुष्य के पैरों की ताकत छीन ली है। मशीनी तकनीक ने मनुष्य के हाथों के हुनर छीन लिए हैं और मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य 'रोबोट' के रूप में विकसित कर व्यक्ति को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में अकेला छोड़ देने के उपक्रम हो रहे हैं। परिवार और समाज है, तब भी वे यंत्रों की पराधीनता के चंगुल में हैं, अपनी स्वतंत्रता खोकर रोबोट में बुद्धि डाल कर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हुए हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए हैं कि रोबोट अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से स्वयं अद्यतन होने लगे हैं। रोबोट के स्वयमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विचारणीय बिंदु अवश्य है। भविष्य का रोबोट यांत्रिक मानव भर नहीं रह जाएगा, उसे यंत्र और कृत्रिम बुद्धि के बूते एक जीवित मानव में बदलने की कोशिश हो रही है। इस दिशा में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट का एक माडल आविष्कृत भी कर दिया है। वैज्ञानिकों के एक समूह ने मेढक भ्रूण की जीवित कोशिकाओं को अन्य नूतन जीवन रूपों में अवतरित करने में सफलता प्राप्त कर ली है। इसमें न्यूनतम वजन की युक्ति (डिवाइस) के जरिए इंद्रिय बोध कराया जा सकता है। इसमें चौबीस संवेदी यंत्र संलग्न हैं। यह मांसपेशियों की गतिविधियों और दिमागी अनुभव करके काम को अंजाम देता है। इसे 'एस्पर बायोनिक्स प्रोस्थेटिक हैंड' नाम दिया गया है। इसे क्रियाशील बनाए रखने में एआइ और क्लाउड प्रौद्योगिकी से किया जाता है। इस तकनीक के जरिए इंटरनेट पर उपलब्ध डेटा और प्रोग्राम ग्रहण कर लिए जाते हैं। रोबोट आरंभिक अवस्था में हार्डवेयर और साफ्टवेयर के समन्वय से निर्मित उपकरण था। शुरू में इसकी उपयोगिता मनुष्य की पहुंच पर कठिन और खतरनाक कामों से जुड़ी थी। इसके प्रभावी उत्पादकता के मद्देनजर इसमें बदलाव होते रहे और इस तकनीक को नाम दिया गया रोबोटिक्स कालांतर में डिजिटल, एआइ और इंटरनेट तकनीक के समन्वय की युक्तियों से जीवित रोबोट की एक प्रजाति चलन में आई, जिसे 'बायोनिक्स' और 'एक्सनोबोट्स' नाम दिए गए।

दुनिया के वैज्ञानिक बीसवीं सदी की शुरूआत से ही दो तरह के कृत्रिम मानव विकसित करने के प्रयासों में लगे हैं। एक 'एंड्राइड' यानी कृत्रिम मानव और दूसरा 'सायबोर्ग' यानी मशीनी मानव वैज्ञानिकों को ऐसे मानव बनाने की कल्पना गल्प साहित्य से मिली साहित्य और विज्ञान दो ऐसे विषय हैं, जो वर्तमान को भूतकाल और भविष्य को वर्तमान बना देने की सामर्थ्य रखते हैं उद्योगों में मानवीय श्रम करने वाले ये मशीनी मानव अब कृत्रिम मेधा से स्वयमेव संचालित होते हुए सहस्त्र बुद्धि मशीनी मानव बनते जा रहे हैं। इस कृत्रिम बुद्धि का कमाल है कि अब इन्हें किसी विशेषज्ञ मनुष्य को निर्देशित करने की जरूरत नहीं रह जाएगी, बल्कि इसकी तंत्रिकाओं में कृत्रिम रूप से विकसित किए गए बुद्धि-तंत्र से ये स्वयमेव क्रियाशील रहेंगे। चैट-जीपीटी और चैट बोट्स साफ्टवेयर इनके वे औजार होंगे, जो इन्हें शब्द गढ़ने की उन्नत सामर्थ्य से बहुभाषी बनाएंगे और समस्याओं के समाधान की दिशा में स्वतः सक्रिय हो जाएंगे। दुनिया के वैज्ञानिक 'एंड्राइड' और 'साइबोर्ग' रूपों में कृत्रिम मानव बनाने के प्रयास में लगे हैं। एंड्राइड का अर्थ ऐसे मानवों से है, जो सिर्फ कार्बनिक यौगिकों से प्रयोगशाला में बने हों और पूरी तरह बनावटी हों। इनकी संरचना इंसानों से मिलती-जुलती होती है, इसलिए इन रोबोट को 'ह्यूमन रोबोट' भी कहा जाता है। वैसे एंड्राइड शब्द को हम एंड्राइड मोबाइल के रूप में खूब जानते हैं। बैटरीयुक्त चलते-फिरते गुड्डे-गुड़ियाएं इसी श्रेणी में आते हैं। वर्तमान दुनिया में अनेक प्रकार के कृत्रिम मानवीय आकार के रोबोट आविष्कृत किए जाकर चर्चा में आ चुके हैं।' समुदाय के बीच विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

सम्पादकः रवि भारद्वाज (+919999889104)
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

पाक के आतंक मचाने के लिए कहां से आ रहे हैं पैसे?

अशोक भाटिया

जम्मू में रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर पुंछ जिले के ढेरा की गली इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। वहां मुठभेड़ शुरू हो गई थी। ये जवान घटनास्थल की ओर बढ़ रहे थे, तभी आतंकवादियों ने दो वाहनों(एक ट्रक और एक जिप्सी) पर गोलीबारी की, जिसमें 5 सैनिक शहीद हो गए और 2 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

घटनास्थल की व्यथित करने वाली तस्वीरों और वीडियो में सड़क पर पड़ा खून, सैनिकों के टूटे हुए हेलमेट और सेना के दो वाहनों के टूटे हुए शीशे दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों ने भीषण टकराव के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच आमने-सामने की लड़ाई होने की संभावना से इनकार नहीं किया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी संभावना है कि जिन सैनिकों पर हमला किया गया, आतंकवादी उनके हथियार लेकर चले गए हैं। बाज नहीं आ रहे आतंकी

अभियान जारी रहने के दौरान अधिकारी अधिक जानकारी इकट्ठा करने और क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा उत्पन्न खतरे को समाप्त करने की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं। इस हमले से कुछ ही सप्ताह पहले पास के राजौरी जिले में बाजीमाल वन क्षेत्र के धर्मसाल बेल्ट में गोलीबारी के दौरान दो कैप्टन सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। राजौरी जिले में सुरक्षा बलों के साथ नवंबर में इस मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गये थे।

घने जंगलों वाला इलाका

राजौरी और पुंछ जिलों की सीमा पर स्थित ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच का इलाका घने जंगलों वाला है और यह चमरेर जंगल और फिर भाटा धुरियन जंगल की ओर जाता है, जहां इस साल 20 अप्रैल को सेना के एक वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए थे। इसके बाद मई में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान चमरेर जंगल में सेना के पांच और जवान शहीद हो गए थे।

नैतिक मूल्यों की चिंता

डॉ. सुरेश कुमार

मूल्य मिटे चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह।
जिनको जो कुछ चाहिए, उन्हें मिले अथाह।।

आधुनिक युग के निकम्मे रहीम नुक्कड़ पर आते-जाते लोगों पर अपना ज्ञान लीपते हुए कहते हैं झ जो बंदा सत्य, अहिंसा, धर्म, न्याय जैसे बाबा आदम जमाने के मूल्यों से अंधा बनकर आँखें मूँद लेता है, उसका मन चिंतामुक्त, प्रसन्न और संपन्न रहता है। उसकी सारी असीमित इच्छाएँ पूरी होती हैं। इन दकियानूसी मूल्यों के चक्कर में बंदे की हालत घर से निकलते समय हीरो और पहुँचते समय जीरो सी होती है। नैतिक मूल्यों की चिंता करना जीते जी चिता सा आभास देता है। भला ऐसा जीवन भी कोई जीवन कहलाता है। जीवन को ह्यएवनह्न बनाने के लिए नैतिक मूल्यों को पैरों तले और अनैतिक मूल्यों को सिर पर रखना चाहिए। इससे बंदा नंगा होने और पंगा लेने से बचा रहता है। इसके विपरीत मूल्यों की चिंता करने वाला आधुनिक समाज की नजरों में पागल कहलाता है। आज नैतिक मूल्य सड़क किनारे फुटपाथ पर सोते हुए मिलते हैं, जबकि अनैतिक मूल्यों की ऑडी और फेरारी अपनी फुल स्पीड में उन्हें कुचलने के लिए उतावली रहती हैं। कोठी बनाने, बाल-बच्चे घुमाने और नाम कमाने के लिए नैतिक मूल्य नहीं, पैसा चाहिए होता है। आधुनिक बंदा इस गूढ़ रहस्य को जान चुका है। वह इतना निपुण हो चुका है कि आपदा में अवसर को भुनाने की फिराक में रहता है। वह साँसें सिलेंडर में, प्यास मिनरल बॉटल में और भूख अनाज-गोदामों के मार्फत विक्रय करने लगता है। फालतू के नैतिक मूल्यों से टेंशन, अनैतिक मूल्यों से अटेंशन मिलता है। देश-समाज की चिंता, अच्छे-बुरे की चिंता, निर्माण-सृष्टि की चिंता यह सब बेफिजूल चिता समान है। भला कदम-कदम पर लूटने के लिए इतने सारे अवसर पड़े हों तो मूल्यों की चिंता में बीपी, शूगर क्यों मोल लें। ऊपर से बाल झड़ने की समस्या अलग से। आधुनिक समय में चंगा रहने का एक ही फामुर्ला है झ खुद जियो औरों को मरने दो। आज के समय में मूल्यहीन होकर ही मूल्यवान बना जा सकता है। बेकार के मूल्यों में समय खोटी मत करो। बगल वाला मरता है, तो मरने दो।

न्यूज फ्लैश

रॉकेट लर्निंग द्वारा दिया गया ईसीसीई का प्रशिक्षण

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा
महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से रॉकेट लर्निंग द्वारा ईसीसीई का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आंगवाड़ी कार्यकताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा संबंधी जानकारी के साथ-साथ तकनीकी प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र में 2 सर्किल के लगभग 54 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुई। वहीं उपस्थित सुपरवाइजर ने शिक्षा की अहमत्ता को लेकर बात रखी। सत्र में रॉकेट लर्निंग से रितेश, और विभाग से सुपरवाइजर संतोष उपस्थित रही। बच्चों का खेल-खेल में सर्वांगीण विकास कैसे किया जाए, उसके बारे जानकारी दी गई ।

कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां 3 जनवरी तक कर सकता है प्रस्तुत: अदिति

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा
रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक) घरौंडा अदिति ने बताया कि हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां उपमंडल अधिकारी घरौण्डा व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी घरौण्डा के कार्यालय में 3 जनवरी तक प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए (नियम 13,2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 6 जनवरी है और उस व्यक्ति को वितरित किया जाएगा, जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की गई है। नये एडिशंस का पंजाबी में कन्वर्शन 15 जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निवारण रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 13 जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी को किया जाएगा।

श्री रामचरित मानस स्कूल की छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया/करनाल
डीएसपी महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने बसंत विहार के श्री रामचरित मानस स्कूल में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।
निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है।
राजेश लता ने बताया कि पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति ऐप भी लांच किया हुआ है। महिलाओं और छात्राओं को यह ऐप अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से डाउनलोड करना चाहिए। ऐप डाउनलोड करने के बाद एक बटन दबाने से ही पीड़ित महिला को तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त होगी। यदि कोई असामाजिक तत्व किसी महिला या छात्रा को परेशान करेगा, तो दुर्गा शक्ति टीम मौके पर पंहुचकर ऐसे मनचले व शरारती तत्वों पर कार्यवाही करके सबक सिखाएगी। इस मौके पर उपनिरीक्षक बबीता, स्कूल स्टाफ और छात्राएं मौजूद रही।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज नेटबॉल महिला टूनार्मेंट में कन्या महाविद्यालय खरखौदा ने जीती ट्राफी।

खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी
खरखौदा के कन्या कॉलेज में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज नेटबॉल महिला टूनार्मेंट प्राचार्य डॉक्टर दर्शना दहिया के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसके दूसरे दिन का शुभारंभ कुलदीप दहिया उपसचिव कॉलेज प्रबंधन समिति और राजेंद्र गन्नौत्रा, कोषाध्यक्ष कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ आरपी गर्ग प्रोफेसर फिजिकल एजुकेशन विभाग महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक रहे। जिन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए जाट कॉलेज रोहतक और सैनी कॉलेज रोहतक के बीच मैच हुआ। जिसमें जाट कालेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में कन्या महाविद्यालय खरखौदा ने टीकाराम पीजी कॉलेज सोनीपत को हराकर ट्राफी जीती। इसके बाद ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेटवर्क महिला का ट्रायल मैच भी करवाया गया। जिसमें कन्या कॉलेज खरखौदा, जाट कॉलेज रोहतक, टीकाराम पीजी कॉलेज सोनीपत, एमकेजेके रोहतक, सैनी कॉलेज रोहतक, पंडित एनआरएस कॉलेज रोहतक, जीसीयू रोहतक, गौड ब्राह्मण कॉलेज रोहतक, जीसी कॉलेज बहू झज्जर आदि की टीमों के ट्रायल और सिलेक्शन किए गए।

पीएम मोदी के कार्यकाल में हुआ योजनाओं का सरलीकरण : कबीरपंथी

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में योजनाओं का सरलीकरण हुआ है, इससे आम आदमी दफ्तरों के धक्के खाने से बचा है और समय की बचत भी हुई है। मोदी और मनोहर की जोड़ी निरंतर आमजन के हित में बड़ी-बड़ी योजनाओं का क्रियान्यन कर रही है। विकसित भारत जन संवाद यात्रा के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणें को उनके घर द्वार पर मिल रहा है। कार्यक्रमों में परिवार पहचान

पत्र, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड, उज्जवला योजना, स्वरोजगार, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना तथा अन्य प्रकार की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्टॉल पर पंहुचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। पूर्व विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से अब पात्र व्यक्तियों को ऑनलाइन सेवाओं का घर बैठे लाभ मिल रहा है। ये बातें नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने शुक्रवार को निसिंग ब्लॉक के गांव गुनियाना में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।
उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का अब तक का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है।
लोग इसकी चर्चा चैपालों पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 45 वर्ष के कार्यकाल में इतना परिवर्तन कभी नहीं दिखाई दिया, जो इस सरकार के कार्यकाल में दिखाई दे रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्वपटल पर भारत का सम्मान बढ़ा है। अब 1.80 लाख वार्षिक आय वाले परिवार साल में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं, जिनकी आय 1.80 से 3 लाख रुपए तक है, वे भी सालाना 1500 रुपए प्रीमियम अदा करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
दयालु योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होने पर योजना के तहत एक से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

माता-पिता की गला दबाकर हत्या करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/करनाल
थाना सदर की टीम ने अलग-अलग मामलों में अपने बुजुर्ग पिता और माता की गला दबाकर निर्मम हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में शिकायतकर्ता महिंद्रो देवी पत्नी समय सिंह वासी चिडाओ ने शिकायत देते हुए बताया कि मेरे पास दो लडके और एक लडकी है और उसका पति समय सिंह चौबारे पर रहता है। तथा वह खुद अपने बेटे नरेश के साथ रहती है। 20 दिसंबर को सुबह शिकायकर्ता के पति समय सिंह के ऊपर से सीढ़ी से गिरने की आवाज आई। जो कि आवाज लगाने पर नरेश द्वारा समय सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा डॉक्टर द्वारा उनको मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनुसार समय सिंह की मृत्यु गला दबाकर होने से पाई गई। जो कि नरेश ने अपने पिता के साथ पिछले लंबे समय से आपसी अनबन रहने के कारण उनका गला दबाकर हत्या कर सीढ़ी से धक्का देकर वारदात को अंजाम दिया था। शिकायत के आधार पर थाना सदर में हत्या के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी नरेश पाल पुत्र स्व.समय सिंह वासी चिडाव को अपने पिता समय सिंह की हत्या करने के जुर्म में गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।
दूसरे मामले में अंग्रेजो पत्नी रंजीत वासी पटौदी गुडगांव जिसका पैतृक गांव उचाना है, ने पुलिस में शिकायत देते हुए बताया कि हम दो भाई और दो बहनें हैं।

छीना झपटी करने वाला आरोपी काबू, मोबाइल फोन बरामद

टीम एक्शन इंडिया/करनाल
सीआईए वन की टीम ने आरोपी मोहित कुमार पुत्र संजीव कुमार वासी नियर बालाजी मंदिर शिव कॉलोनी करनाल को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। आरोपी मोहित से उसकी निशानदेही पर छीना हुआ एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि 2 नवंबर को आरोपी ने शिकायतकर्ता नरेंद्र वासी बसंत विहार करनाल से सेक्टर 3 बाईपास से उसके हाथ से मोबाइल छीनकर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में छीना झपटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी पहले ही चोरी के मुकदमे में जेल में बंद है और वह नशापूर्ति और जल्दी पैसे कमाने के लिए ऐसी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी मोहित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

'श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान को जीवन में अपनाकर जीते हैं पीएम मोदी और मुख्यमंत्री'

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। डॉ. मंगलसेन सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला पहुंचे। इस दौरान गीता के ज्ञान पर भाजपा के प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान व प्रोफेसर प्रवीन भारद्वाज ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल वास्तव में गीता के साथ जीवन जी रहे हैं। उन्होंने गीता के ज्ञान को अपने जीवन में अपनाया है।

श्रीमद्भगवद्गीता हमें कर्म का संदेश देती है। महानविभूति महात्मा गांधी जी ने भी गीता के ज्ञान को जीवन में उतारकर जीवन सार्थक किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता हमेशा बचपन से कर्म का संदेश देते थे, उन्होंने कहा था कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं है।
हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमारे हाथ में केवल हमारा कर्म है। हमें अपना कर्म मेहनत के साथ करना चाहिए। उन्होंने एक संत की वाणी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार एक संत ने कहा था कि सफलता पाने के लिए कभी गलत मत करना। हमेशा भगवान के दिखाए नेक रास्ते पर चलना। भगवान ने जहां पहुंचाना होगा अपने आप पहुंचा देगा। उन्होंने कहा कि आज के युग में अपना कार्य करते हुए ठीक व गलत की पहचान करके अपना कार्य करना सबसे बड़ी बात है। उन्होंने गीता जयंती पर सभी जिलावासियों और बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित करने पर जिला प्रशासन को भी बधाई दी।

युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए पवित्र ग्रंथ गीता का आत्मसात जरूरी : राणा
भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और स्वामी ज्ञानानंद ने गीता को विश्व में पहचान दिलाई है। देश की युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए पवित्र ग्रंथ गीता और रामायण जैसे महान ग्रंथों से आत्मसात करवाना बहुत जरुरी है। इस आधुनिक दौर में जहां युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, वहीं आज पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को आमजन तक पहुंचाने का कर्तव्य निभाने का प्रयास प्रत्येक मानव को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को पवित्र ग्रंथ गीता से जोडने के लिए गीता महोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना जरुरी है। युवा पीढ़ी संस्कारवान बनेगी, तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री गीता के कर्म के सिद्धांत पर बढ़ रहे आगे : संजय बठला
मुख्यममंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल भगवान श्री कृष्ण के कर्म के संदेश पर आगे बढ़ रहे हैं। बिना किसी फल की इच्छा के कर्म कर रहे हैं। गीता का ज्ञान हम सभी के लिए जरूरी हैए यदि हम अपने जीवन में गीता के ज्ञान को उतार लें तो हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। उन्होंने महान क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और शहीदे आजम भगत सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि इन सभी ने कर्म को प्राथमिकता दी।

जापानी शिक्षा तकनीक पर हुई दो दिवसीय पैनल थियेटर कार्यशाला

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले के विभिन्न स्कूलों के 36 अध्यापक-अध्यापिकाओं ने आज जापान में प्राइमरी व प्रीप्राइमरी कक्षाओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इस जापानी शिक्षा तकनीक के प्रदर्शन को देखा और मुक्तकंठ से इसकी सराहना की। सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा जापानी शिक्षा तकनीक पर आयोजित दो दिवसीय पैनल थियेटर कार्यशाला के लिए करनाल पहुँचे जापानी दल ने कार्यशाला के उद्घाटन स्तर में संगीत ध्वनि के साथ इस तकनीक का प्रदर्शन किया। गोल्डन मोमेंट्स के प्रबंध निदेशक व समाजसेवी

सुनील बिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर दीप शिखा जलाकर कार्यशाला का उद्घाटन किया। उनके साथ सभी जापानी अतिथियों, निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु, शिक्षाविद जसवंत रेड्डू, निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा व महिला विंग की सचिव डॉ.भारती भारद्वाज ने भी दीप प्रज्वलन में भाग लिया।
मुख्य अतिथि सुनील बिंदल ने जापान से आये सभी टीचर व कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागी अध्यापकों को गुरु की संज्ञा दी व कबीर जी के दोहे के माध्यम से उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजक व निफा के संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम शिक्षा के पारंपरिक तरीके.से आगे बढकर इस प्रकार की तकनीक की जानकारी अपने अध्यापकों को दें। उन्होंने कहा कि पैनल थियेटर शिक्षा तकनीक स्मार्ट क्लास के कॉन्सेप्ट से कहीं बेहतर है, क्योंकि जहां स्मार्ट क्लास केवल एक तरफा संवाद है, वहीं इसमें विद्यार्थी व अध्यापक के बीच आपसी संवाद का समन्वय है और यह पद्धति रटने वाला तोता न बनाकर बच्चों को मजे लेते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करती है।
जापानी दल की संयोजक इतिसुकों फूजीमोतो नंदी ने बताया कि इस जापानी शिक्षा तकनीक की शुरूआत एक बौद्ध साधु द्वारा की गई थी। उन्होंने बताया कि इस समय जापान के साथ-साथ अन्य देशों में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जापान के शीगाकिन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर मसायो तानाका ने मुख्य ट्रेनर के रूप में आज सभी प्रतिभागियों को किसी भी विषय को कहानी के रूप में बदलने, उस कहानी को बोर्ड पर प्रदर्शित करने व उस बोर्ड पर आसानी से चिपकने वाले पी पेपर को काटकर कहानी के पात्र बनाने, उन्हें रंग करने व उनका प्रदर्शन करने की विधि से अवगत किया।

सरकारी स्कूल की जरुरतमंद छात्राओं को बांटे ब्लेजर, ड्रेस

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल संस्कृति सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड की जरूरतमंद छात्राओं को ब्लेजर, ड्रेस, शूज आदि वितरित किए गए। संस्थापक एवं नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने स्कूल में पहुंचकर छात्राओं को उनकी जरुरत का सामान जिनमें ब्लेजर, ड्रेस व शूज आदि वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल चेयरपर्सन कृष्णा गुप्ता एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने की।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्यों के सहयोग से चैरिटी प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया है। इन दोनों संस्थाओं द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं मानवाधिकारों की जागरूकता के साथ-साथ चैरिटी के बहुत से प्रकल्प भी किए जाते हैं। उन्होंने छात्राओं को सच्चाई एवं ईमानदारी के रास्ते पर चलने का आह्वान किया और कहा कि छात्राएं अपना टारगेट जरूर लें, कि उन्हें क्या बनना है और उस टारगेट को ईमानदारी से शिक्षा लेकर अचीव करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी, राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही, अनिल मदान, प्रदेश मुख्य निदेशक हरियाणा फिरदौस अली, जिला निदेशक मुकेश कुमार, राजेश जैन एवं प्रवीण राणा आदि उपस्थित रहे।

चरस और स्मैक उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/करनाल
नारकोटिक सेल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर 12 दिसंबर को आरोपी हरजिंद्र सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह वासी गुरुनानकपुरा करनाल को गुरुनानकपुरा से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी हरजिंद्र के कब्जे से 7 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक व 1 किलो 844 ग्राम चरस बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी हरजिंद्र के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरजिंद्र से पूछताछ में पाया गया कि आरोपी नशा सेवन करने और बेचने का आदी है और आरोपी यह नशीला पदार्थ उत्तरप्रदेश के शामली जिला से लेकर आया था। जिसको इसे चलते फिरते नशा करने वालो को बेचना था। आरोपी को 13 दिसंबर को पेश न्यायालय करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

प्रधानमंत्री के सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता: योगेंद्र राणा

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने शुक्रवार को असंध उपमंडल के गांव ठरवा माजरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है, इससे दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं। हिंदुस्तान को 2047 में विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है, उस सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है। यह बदलाव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के कारण ही संभव हो पाया है।
इस दौरान पूर्व विधायक बक्शीश सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कहा कि आने वाले कल में विकसित भारत किस तरह से बने यही नरेंद्र मोदी का सपना है और इसको हम सबने मिलकर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी, जिसका विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने चिरायु हरियाणा के नाम से योजना चलाकर प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी को आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा के तहत लाभ प्रदान किया है। इस योजना में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए 5 लाख तक के इलाज का प्रावधान किया गया है।

कृषि विस्तार पेशेवरों के लिए जरूरी हैं सॉफ्ट स्किल: डा. रंजन

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में कृषि विस्तार पेशेवरों के लिए सॉफ्ट स्किल विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा. रंजन गुप्ता, छात्र कल्याण निदेशक, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।
उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विस्तार अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी किसानों तक सरकारी योजनाओं को पंहुचाना, किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के

लिए प्रेरित करना एवं किसानों की समस्याओं का समाधान करना होती है। इन कार्यो को प्रभावी तरिके से करने हेतु सॉफ्ट स्किल जैसे संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, सोशल मीडिया कौशल, समय प्रबंधन कौशल इत्यादि का होना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वह किसानों को नई तकनीकों को अपनाने हेतू प्रेरित करें, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।
संस्थान की प्रशिक्षण ईंचार्ज डा. जसविंद्र कौर ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वित्तीय सहयोग के लिए उन्होंने विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के बारे में अपना फीडबैक देते हुए संस्थान की सुविधाओं की प्रशंसा की। प्रशिक्षण संयोजक डा. अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड एवं बिहार के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों को भ्रमण भी करवाया गया है और इसके साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से व्याख्यानों के लिए विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान संस्थान के कर्मचारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

रेंज लेवल रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/करनाल
टैगोर बाल निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रोड सेफ्टी क्विज की रेंज लेवल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करनाल, कैथल तथा पानीपत जिले की टीमों द्वारा चार लेवल पर 36 बच्चों ने भाग लिया। चारों लेवलों में तीनों जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। लेवल विजयी टीम प्रतिभागियों में प्रथम लेवल में कक्षा तीन से पाँच में कैथल से परी, नैतिक, अनवी, द्वितीय लेवल में कक्षा छः से आठवी में करनाल से दिव्या, स्वास्तिक, लवकेश, तृतीय लेवल में कक्षा नौवी से बारहवीं में कैथल से आशीष, शिक्षा देवी, महक और चौथे लेवल में कॉलेज स्तर पर करनाल से मयंक, महक और करन वर्मा विजयी रही। अंत में प्रथम लेवल में कैथल जिले की टीम, द्वितीय लेवल में करनाल, तृतीय लेवल में कैथल तथा चौथे लैवल में करनाल जिले की टीम विजयी रही।
इस प्रतियोगिता में विजयी टीमें जल्द ही अगले चरण में राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगी।
करनाल रेंज महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा विजयी टीमों के प्रतिभागियों को मोमैंटो तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने इस रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल, एसएचओ हाईवे सुरेश कुमार, कॉर्डिनेटर अल्का काम्बोज जो कि इस रेंज लेवल रोड क्विज प्रतियोगिता की इंचार्ज रही। टैगोर बाल निकेतन से गीता अरोड़ा तथा उनकी सहयोगी टीम, टैगोर बाल निकेतन के प्रधानाचार्य डॉ.राजन कुमार लाम्बा, विद्यालय के निदेशक रवींद्रा मोहन रहेजा का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया।

बालों के लिए प्याज से ज्यादा उसका तेल है फायदेमंद

किचन की जरूरतों के अलावा, प्याज के कई अन्य फायदे हैं। बालों का गिरना, रूसी, गंजापन, बालों का सफेद होना- ये सभी कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनसे लगभग हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। जिसके कारण बालों का झड़ना, डैंड्रफ या गंजा होना जैसी कई समस्याएं होती हैं। सभी महिलाओं को मजबूत बाल और रूसी से मुक्त स्कैल्प नहीं मिलता है, लेकिन चिंता न करें। यहां इन समस्याओं के लिए एक उपाय है। ऐसी बालों से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप प्याज के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

क्यों फायदेमंद है प्याज का तेल

प्याज का तेल औषधीय गुणों से युक्त है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी, विटामिन बी6, फोलेट, पोटेशियम, एंथोसायनिन, थियोसल्फीनेट और सल्फर कंपाउंड पाए जाते हैं, जो बालों और स्कैल्प को पोषण प्रदान करते हैं। प्याज का तेल बालों को बढ़ाने और बालों के झड़ने को रोकने के लिए एक सिद्ध उपाय है। स्वस्थ और घने बाल सुनिश्चित करने के लिए यह व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला आयुर्वेदिक समाधान है। इस हेयर ऑयल को नियमित रूप से लगाने के लिए आपको बस एक निरंतर समर्पण की आवश्यकता है। इसके अलावा, इस जादुई तेल का उपयोग करने के साथ-साथ एक स्वच्छ पोषक तत्वों से भरे आहार का सेवन करना न भूलें।

बालों के लिए प्याज के तेल के फायदे

- प्याज के रस के उपयोग से बालों के ग्रोथ साइकल के काफी अनुकूलन है। प्याज के तेल में पर्याप्त एंटीऑक्सीडेंट की उपस्थिति कुछ एंजाइमों के प्रभाव को बढ़ाती है जो बालों के झड़ने को रोकने में काम करते हैं।
- प्याज का तेल बालों को दोबारा बढ़ने में मदद करने के लिए अद्भुत काम कर सकता है। नियमित रूप से इस तेल का उपयोग प्रभावी रूप से बालों के झड़ने को रोकने और गंजापन का इलाज करेगा।
- प्याज के तेल में सल्फर की प्रचुर मात्रा शामिल होती है, जिससे बालों का टूटना, झड़ना समाप्त होता है। प्याज के तेल में मौजूद अन्य पोषक तत्वों से भी बालों के ऑक्सीकरण को रोका जा सकता है। सल्फर की उपस्थिति भी आपको बालों के नियमित पीएच को बनाए रखने में मदद कर सकती है, जिससे बालों को जल्दी झड़ने से रोका जा सके।
- इस तेल को अपने बालों में मालिश करने से रक्त परिसंचरण में सुधार करने में मदद मिलती है, और यह पोषित त्वचा के साथ घने और मजबूत बालों का विकास भी सुनिश्चित करता है।
- अपनी खोपड़ी में प्याज के तेल का नियमित उपयोग किसी भी जीवाणु संक्रमण या रूसी को रोक सकता है। प्याज का तेल यह भी सुनिश्चित करेगा कि आपके चमकदार और मजबूत बाल हैं।
- प्याज के तेल के लाभ को बढ़ाने के लिए किसी अन्य लाभकारी तेल के साथ जोड़ा जा सकता है। बेहतर लाभ के लिए जैतून या नारियल के तेल के साथ प्याज का तेल मिलाना बहुत स्वस्थ और अच्छा विकल्प है।
- यह जादुई तेल आपके शैम्पू से पहले, कंडीशनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह एक प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जो रूखेपन से बचने का अच्छा विकल्प है।

झड़ते बालों से हैं परेशान तो रोजाना करें ये 3 योगासन

गलत खान-पान और मौसम में आने वाले बदलाव की वजह से आजकल कम उम्र में ही युवाओं के बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में बालों को झड़ने से रोकने का दावा करने वाले बाजार में मिलने वाले महंगे कैमिकल युक्त प्रॉडक्ट्स न सिर्फ बालों को रूखा बेजान बनाते हैं बल्कि इनका इस्तेमाल करने से बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। ऐसे में आपकी परेशानी को दूर करते हुए आपको बताएंगे वो 3 योगासन जिनका रोजाना अभ्यास करने पर आपके बाल काले घने और खूबसूरत हो जाएंगे। आइए जानते हैं आखिर कौन से हैं वो 3 जादुई आसन।

1- अधोमुखश्वानासन-यह आसन शरीर के तनाव को कम करता है और मांसपेशियों को लचीला बनाता है।

ऐसे करें ये आसन-

सबसे पहले जमीन पर एकदम सीधे खड़े होकर दोनों हाथों को आगे करते हुए नीचे जमीन की ओर झुका लें। ध्यान रखें झुकते समय आपके घुटने सीधे कूल्हों के ठीक नीचे होने चाहिए जबकि आपके दोनों हाथ कंधे के बराबर नहीं बल्कि इससे थोड़ा सा पहले झुका होना चाहिए।अपने हाथों की हथेलियों को झुकी हुई अवस्था में ही आगे की ओर फैलाए और उंगलियां समानांतर रखें।

सांस छोड़ें और अपने घुटनों को अधोमुख श्वानासन मुद्रा के लिए हल्का सा धनुष के आकार में मोड़ें और एड़ियों को जमीन से ऊपर उठाएं। इस पॉइंट पर अपने कूल्हों को पॉल्विस से पर्याप्त खींचें और हल्का सा पॉबिस की ओर दबाएं। हाथों को पूरी तरह जमीन पर कंधे के नीचे से आगे की ओर फैलाए रखें, लेकिन उंगलियां जमीन पर फैली होनी चाहिए।

इसके बाद अपने घुटनों को जमीन पर थोड़ा और झुकाएं

और कूल्हों को जितना संभव हो ऊपर उठाएं।

सिर हल्का सा जमीन की ओर झुका होना चाहिए और पीठ के लाइन में ही होनी चाहिए। अब आप पूरी तरह अधोमुख श्वानासन मुद्रा में हैं।

2- पादांगुष्ठासन-

यह मुद्रा सिर से पैर तक रीढ़ और सभी मांसपेशियों को फैलाकर रक्तचाप को नियंत्रण में रखती है। इस आसन का अभ्यास करने से मस्तिष्क में रक्त परिसंचरण बढ़ता है और जांघ की मांसपेशियों, हैमस्ट्रिंग, पिंडलियों की मांसपेशियों और पीठ के निचले हिस्से और दोनों भुजाओं में खिंचाव होता है।

ऐसे करें ये आसन-

पादांगुष्ठासन योग को करने के लिए आप सबसे पहले एक योगा मैट को फर्श पर बिछाकर उस पर सीधे ख? हो जाएं। इस आसन को करने के लिए आप ताड़ासन की मुद्रा में भी ख? हो सकते हैं। अपने दोनों हाथों और री? की हड्डी को सीधा रखें और अपने दोनों पैरों के बीच कम से कम 6 इंच की दूरी रखें।

अब सांस को छोड़ते हुए अपने धड़ यानी शरीर के ऊपरी हिस्से को सीधा रखें हुए कूल्हों के जोड़ से नीचे की ओर झुकें। ध्यान रखें की आपको कमर से नहीं झुकना है और ऊपरी हिस्से को पूरी तरह से सीधा रखना है। अपने माथे को पैरों से लगाने के प्रयास करें और दोनों हाथों से पैर के अंगूठे को पकड़ लें, जिसमें आपकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए।

3-पश्चिमोत्तानासन

इस योगासन से स्त्रियों के योनिदोष, मासिक धर्म सम्बन्धी विकार तथा प्रदर आदि रोग दूर होते हैं। यह आसन गर्भाशय से सम्बन्धी शरीर के अंगजाल को ठीक करता है।

पश्चिमोत्तानासन करने का तरीका-

- जमीन पर दोनों पैरों को एकदम सीधे फैलाकर बैठ जाएं। दोनों पैरों के बीच में दूरी न हो और जितना संभव हो पैरों को सीधे रखें। इसके साथ ही गर्दन, सिर और रीढ़ की हड्डी को भी सीधा रखें।
- इसके बाद अपनी दोनों हथेलियों को दोनों घुटनों पर रखें।
- अब अपने सिर को धीरे से आगे की ओर झुकाएं और अपने घुटनों को बिना मोड़े हाथों की उंगलियों से पैरों की उंगलियों को छूने की कोशिश करें।
- इसके बाद गहरी श्वास लें और धीरे से श्वास को छोड़ें। अपने सिर और माथे को दोनों घुटनों से छूने की कोशिश करें।
- बांहों को झुकाएं और कोहनी से जमीन को छूने की कोशिश करें।
- श्वास को पूरी तरह छोड़ दें और इसी मुद्रा में कुछ देर तक बने रहें।
- कुछ सेकंड के बाद वापस पहली वाली मुद्रा में आ जाएं।
- अब सामान्य रूप से श्वास लें और इस आसन को 3 से 4 बार दोहराएं।

सेहत

बालों को रेगुलर डाई करने से ब्रेस्ट कैंसर का बढ़ता है खतरा

बालों पर हेयर डाई और केमिकल्स के इस्तेमाल से कई नुकसान हैं पर हाल ही में आए शोध ने इसे ब्रेस्ट कैंसर से जोड़ा है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जो महिलाएं स्थाई हेयर डाई और रासायनिक हेयर स्ट्रेटनर का उपयोग करती हैं, उनमें अन्य महिलाओं की तुलना में स्तन कैंसर विकसित होने का खतरा अधिक होता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित इस अध्ययन से पता चलता है कि इन रासायनिक बाल उत्पादों के अधिक लगातार उपयोग से स्तन कैंसर का खतरा बढ़ गया है।

अमेरिका में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एन्वायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज (NIEHS) के लेखक एलेक्जेंड्रा व्हाइट के द्वारा किए गए इस शोध में बताया गया है कि लंबे समय से हेयर डाई और कैंसर के बीच संबंध पाए गए हैं। लेकिन परिणाम असंगत रहे हैं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में बताया है कि बालों में डाई के उपयोग से स्तन कैंसर से जुड़ा खतरा बढ़ सकता है। इसका प्रभाव अफ्रीकी अमेरिकी महिलाओं, खासकर उन लोगों में अधिक मजबूत होता है, जो इसे रेगुलर यूज करते हैं।

सिस्टर स्टडी में 46,709 महिलाओं के डेटा का उपयोग करते हुए, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एन्वायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज के शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन महिलाओं ने अध्ययन में भाग लिया, उनमें पहले साल में निर्धारित रूप से स्थाई हेयर डाई का इस्तेमाल किया गया। उनमें उन महिलाओं की तुलना में ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना नौ प्रतिशत अधिक थी, जिन्होंने हेयर डाई को रेगुलर इस्तेमाल नहीं किया। अफ्रीकी अमेरिकी महिलाओं में, हर पांच से आठ सप्ताह या उससे अधिक समय से स्थाई रूप से डाई का इस्तेमाल कर रही थीं और उनमें कैंसर होने की संभावना ज्यादा थी। इसके अलावा एक पेचीदा खोज रासायनिक बाल स्ट्रेटनर और स्तन कैंसर के उपयोग के बीच पाया गया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन महिलाओं ने हर पांच से आठ सप्ताह में हेयर स्ट्रेटनर का इस्तेमाल किया, उनमें स्तन कैंसर होने की संभावना लगभग 30 प्रतिशत अधिक थी। अध्ययन में कहा गया है कि स्ट्रेटनर के उपयोग और स्तन कैंसर के बीच संबंध अफ्रीकी अमेरिकी और श्वेत महिलाओं में समान था। लेकिन स्ट्रेटनर का उपयोग अफ्रीकी अमेरिकी महिलाओं के बीच अधिक आम था। वहीं शोधकर्ताओं ने आगाह किया कि रासायनिक स्ट्रेटनर के इस्तेमाल से कुछ ऐसी किरणें निकलती हैं, जो ब्रेस्ट कैंसर को बढ़ावा देता है।

शोध में यह पूछे जाने पर कि क्या महिलाओं को अपने बालों को डाई करना बंद कर देना चाहिए? तो लेखक में सह-लेखक डेल सैंडलर ने कहा कि हमने डाई में कई चीजें पाई, जो संभवतः स्तन कैंसर में योगदान कर सकते हैं। पर यह संभावना नहीं है कि कोई भी एक कारक किसी महिला में ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम की व्याख्या करता है। पर ये तय है कि लंबे समय तक डाई का इस्तेमाल हानिकारक है। इससे महिलाओं में ही नहीं पुरुषों में भी कई अन्य बीमारियों के होने का खतरा बढ़ सकता है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बल से ले अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिस्थिति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
भागदौड़ में विशेष होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर चर्चा होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में असमंजस ठीक नहीं। सप्ताह पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बन जाएंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। घर से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-5-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

काकुरो पहेली - 2685



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 2684 का हल

हंसी के फूव्वारें

दो प्रेस फोटोग्राफर अपने दिन भर के अनुभवों के बारे में बात कर रहे थे, एक ने कहा- 'आज सुबह मैंने चिथड़े में लिपटी हुई एक ऐसी भूखी-प्यासी औरत को देखा जो जीवन के प्रति निराश हो चुकी थी.'

'फिर तुमने उसके लिये क्या किया?'

'कल के समाचार पत्र के लिए मैंने उसका फोटो खींच लिया है.'

□ □ □

पत्नी ने पति को सम्बोधित किया- 'अजी ! सुनते हो, घर में बेटी जवान हो गई, मगर तुम्हें इसकी बिल्कुल भी चिन्ता नहीं है.'

'इस बात की चिन्ता तुमसे अधिक मुझे है, पर ढंग का कोई लड़का भी तो मिले, जो मिलता है, गधा ही मिलता है.' पति ने उत्तर दिया.

'अगर मेरे बाप भी यही सोचते रहते तो मैं भी अभी तक कुंवारी बैठी रहती.' पत्नी तुनककर बोली.

□ □ □

प्रेमिका बोली: ''प्रिय ! तुम मुझे बहुत प्यार करते हो.''

प्रेमी बोला: 'हां.'

प्रेमिका बोली: 'प्रिय, शाहजहां ने मुमताज के मरने के बाद ताजमहल बनवाया था, तुम मेरे लिए क्या बनवाओगे ?'

प्रेमी बोला: 'प्लॉट खरीद लिया है बस तुम्हारी तरफ से ही देर हो रही है.'

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 2685



बायें से दायें:-

१. 'अंगूरी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'बीन लुंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'सोचा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार अटल न जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, जितेन्द्रकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा को 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली जितेन्द्रकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, ममता की 'जीना तेरी राहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'चावल पावल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२२. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'तड़का रे तड़का' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल रॉय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बादल दे बादल' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जॉलमार्क अंबरले के गीत 'अँखियाँ मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. आदित्य चोपड़ा, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'चाँद चमकी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर, शत्रु, गंगी, परवीन, विदिता की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लल्ली की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'सरिफ खानदान' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'ओ दीवानी मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा जवाब' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. गायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रजोरा, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रब्बा रे' गीत वाली बहु सिनेमा फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2684

सूडोकु -2685

			4				3	
		6		2		4		
		8			5			
	3						7	
7				4				9
	9						5	
			2			1		
		1		7		6		
	5				3			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2684 का हल

7	8	5	4	2	9	6	3	1
3	6	4	1	5	7	8	9	2
9	2	1	6	3	8	7	4	5
6	5	3	2	8	4	9	1	7
1	7	2	3	9	6	4	5	8
4	9	8	7	1	5	2	6	3
2	4	7	5	6	1	3	8	9
5	3	9	8	4	2	1	7	6
8	1	6	9	7	3	5	2	4

शब्द पहेली - 2685



बाएं से दाएं

1.उपासना करना-6
5.आलसस, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रुचा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.अन्योंदिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेबसिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जश्न,प्राप्त होना-4
34.मास्टर प्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,शाक-2

शब्द पहेली - 2684 का हल

Shubman Gill ने प्रैक्टिस मैच में जड़ा शतक, बंद दरवाजे के पीछे खेला जा रहा मुकाबला

सेंचुरियन । भारतीय टीम ने 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए प्रैक्टिस शुरू कर दी है लेकिन इसे देखने की अनुमति मीडिया को भी नहीं थी। शुभमन गिल ने टीम में आपस में खेले गए प्रैक्टिस मैच में शतक जड़कर बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। तीसरे नंबर पर उतरे गिल ने तीन दिवसीय मैच के दूसरे दिन शतक बनाया। प्रिटोरिया के टक्स ओवल मैदान पर मीडिया को भी बाहर रखा गया। पहले टेस्ट के मेजबान सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क से यह जगह 45 मिनट की दूरी पर है। अपनी रणनीति को गोपनीय रखने की कवायद में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन ने बाहरी लोगों को मैदान के भीतर आने नहीं दिया। दुनिया भर में फुटबॉल टीमें बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास करती है जहां मीडिया को सिर्फ वार्म अप देखने की अनुमति होती है। कोच के आने के बाद असल अभ्यास शुरू होते ही उन्हें बाहर जाना पड़ता है भारतीय क्रिकेट टीम काफी समय से यदा कदा 'बंद दरवाजे के भीतर अभ्यास' की रणनीति अपनाती आई है। गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल ने भी अर्धशतक जमाया। वह दूसरों को मौका देने के लिए रिटायर्ड आउट हो गए। रुतुराज गायकवाड़ की उंगली की चोट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है और वह संभवतः पहले टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध नहीं है। गायकवाड़ को दूसरे वनडे के दौरान उंगली में चोट लगी थी और वह तीसरा वनडे नहीं खेल सके।

ब्लैक आर्मबैंड पहनने पर उस्मान ख्वाजा पर सख्त हुई ICC, पहले जूतों पर उठाई थी आपत्ति

पर्थ। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पर बिना किसी पूर्व अनुमति के पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान काली पट्टी (ब्लैक आर्मबैंड) बांधकर नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया है। ख्वाजा ने इससे पहले गाजा में मानवीय संकट के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए +सभी जीवन समान हैं' और 'स्वतंत्रता एक मानव अधिकार है- संदेश लिखा था जिसपर आईसीसी ने ऐतराज जताया था। इसके बाद ख्वाजा मैदान पर आर्मबैंड पहनकर उतर गए। आम तौर पर क्रिकेट जगत में पूर्व खिलाड़ियों, परिवार के सदस्यों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए खिलाड़ी काली पट्टी पहनते हैं, लेकिन उन्हें पहनने से पहले उन्हें राष्ट्रीय बोर्ड और आईसीसी से अनुमति की आवश्यकता होती है। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि उस्मान ख्वाजा पर कपड़े और उपकरण नियमों के क्लॉज एफ का उल्लंघन करने का आरोप है। उस्मान ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान एक व्यक्तिगत संदेश (आर्मबैंड) प्रदर्शित किया। इसके लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और आईसीसी को नहीं बताया गया। यह उल्लंघन है इसके लिए उन्हें फटकार लगाई जाएगी। ख्वाजा पाकिस्तान के खिलाफ आगामी बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेलते नजर आएंगे। उन्हें एक साल में इस तरह की चौथी सजा के परिणामस्वरूप निलंबन के बजाय मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना ही लगेगा। फिर भी, यह स्पष्ट नहीं है कि अगर ख्वाजा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में आर्मबैंड पहनेंगे तो उनपर क्या कार्रवाई होगी।

BCCI अब रोहित और विराट की 45 और 18 जर्सी रिटायर करेगा : सुनील गावस्कर

मुंबई । भारत के पूर्व खिलाड़ी और अपने समय के महानतम बल्लेबाजों में से एक सुनील गावस्कर को लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जर्सी नंबर 45 और 18 को रिटायर कर देगा। दिग्गज खिलाड़ी ने कोहली और रोहित की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन दोनों ने भारतीय क्रिकेट में बड़ा योगदान दिया है और भविष्य में उनके जर्सी नंबर के रिटायर होने पर उन्हें कोई आश्चर्य नहीं होगा। गावस्कर ने दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच तीसरे वनडे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट और रोहित के प्रभाव पर टिप्पणी की। उन्हें यकीन है कि बीसीसीआई उनकी विदाई के बाद उनके जर्सी नंबर पर फैसला करेगा। गावस्कर ने कहा कि मैं नंबर 45 और नंबर 18 जर्सी को नंबर 7 और नंबर 10 जर्सी की तरह रिटायर होते हुए देख सकता हूं। विशेष रूप से, बीसीसीआई ने हाल ही में एमएस धोनी की नंबर 7 जर्सी को रिटायर कर दिया है। भारतीय क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने वर्तमान और आगामी खिलाड़ियों को सूचित किया कि अब नंबर 7 की जर्सी उपलब्ध नहीं होगी।

भारत ने 78 रन से जीता तीसरा वनडे मैच, श्रृंखला 2-1 से की अपने नाम

पार्ल। भारतीय टीम ने तीसरे और आखिरी एकदिनी मुकाबले को 78 रनों से जीतकर दक्षिण अफ्रीका को उसी के घर में एकदिवसीय श्रृंखला में मात दी है। इस मैच के हीरो जहां बैट से विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रहे, जिन्होंने शानदार शतक जड़ा। वहीं गेंद से अर्शदीप सिंह रहे, जिन्होंने चार विकेट चटकाए।

पार्ल के बोलैंड पार्क में खेले इस मैच में भारत से मिले 297 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफ्रीकन टीम ने शानदार शुरुआत की। दोनों सलामी बल्लेबाज क्रीज पर आसानी से रन बनाते दिखे। टीम का पहला झटका रेजा हेंड्रिक्स के रूप में आठवें ओवर में लगा। जब टीम का स्कोर 59 रन था। रेजा 19 रन बनाकर अर्शदीप का शिकार बने। फिर 76 रन के कुल योग पर रासी वान डेर डूसैं (2) भी पवेलियन लौट गए। तब टोनी डि जॉर्जी का साथ देने क्रीज पर उतरे कप्तान एडन मारक्रम ने जब कर बल्लेबाजी की। दोनों ने मिलकर 65 रन जोड़े। इस बीच जॉर्जी ने अपना अर्धशतक पूरा किया।

दक्षिण अफ्रीका मजबूत स्थिति में पहुंचती नजर आ रही थी कि मारक्रम (36) को वाशिंगटन सुंदर ने चलता किया। मारक्रम के बाद कोई भी प्रोटियाज बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सका और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए टोनी डि जॉर्जी ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। इसके अलावा, हेनरिक क्लासेन ने 21, डेविड मिलर ने 10, केशव महाराज ने 14 और ब्यूरन हेंडरिक्स ने 18 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके, जबकि आवेश खान और वाशिंगटन सुंदर को दो-दो सफलता मिली। वहीं मुकेश कुमार और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने संजू सैमसन की शतकीय पारी की बदौलत 296 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज रजत पाटीदार (22) और साई सुदर्शन (10) का विकेट जल्द गिर गया था। तब संजू सैमसन ने कप्तान केएल राहुल (21) के साथ मिलकर 50 रन जोड़े। फिर सैमसन ने तिलक वर्मा के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की और टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। 52 के व्यक्तिगत स्कोर पर तिलक वर्मा के आउट होने के बाद संजू सैमसन ने अपने इंटरनेशनल करियर का पहला शतक जमाया। उन्होंने 114 गेंदों में 108 रन की दमदार पारी खेली। आखिर में रिंकू सिंह (38) और वाशिंगटन सुंदर (14) के कैमियो ने टीम को स्कोर को 296 तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए ब्यूरन हेंडरिक्स ने तीन और नंद्रे बर्गर ने दो विकेट चटकाए। जबकि लिजाड विलियम्स, विआन मुल्डर और केशव महाराज को एक-एक सफलता मिली।

बीयर देकर खरीद लेते... रिकी पोंटिंग ने सुनाया 10 करोड़ में बिके स्पेंसर जॉनसन का किस्सा

नई दिल्ली। बिग बैश लीग में कमेंट्री कर रहे ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बीते दिनों हुई आईपीएल ऑक्शन के दौरान गुजरात टाइटंस द्वारा खरीदे गए युवा गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन का एक किस्सा सुनाया है। पोंटिंग ने कमेंट्री के दौरान स्पेंसर के साथ हुई हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि जब मैं उनसे मिला तो वह खुश था। मैंने उसे बड़े रकम पर आईपीएल पर जाने बाबत कुछ बातें कहीं। इसी बीच स्पेंसर ने जो कहा वो मजेदार था। स्पेंसर बोले- मुझपर भरोसा जताया गया। सच में मैं खुश हूं। वह अगर मुझे कुछ बीयर भी ऑफर कर देते तो भी मैं चला जाता। इससे पहले गुजरात टाइटन्स में सिलेक्शन होने पर स्पेंसर जॉनसन ने कहा था कि जितना यह अधिक समय तक चला, मुझे लगा मैं उम्मीद खो रहा था। लेकिन दिन के अंत में मैं उस स्थिति में था जहां मैं नीलामी में था। पिछले साल मैं यहां नहीं था लेकिन इस बार था। इसलिए जो कुछ भी हुआ वह होने वाला था। बता दें कि आईपीएल 2024 से पहले छोटी नीलामी में सिर्फ 30 विदेशी प्लेयरों के लिए स्थान बचे थे। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज को लगता था कि शायद उन्हें मौका नहीं मिलेगा। लेकिन वह अंततः मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और झाय रिचर्डसन जैसे खिलाड़ियों में शामिल हो गए, जिन्होंने ऑक्शन में मोटी रकम लेने में सफलता हासिल की।

आईएसएल- फॉर्म में चल रही ओडिशा का सामना मेजबान ईस्ट बंगाल से होगा

कोलकाता। ईस्ट बंगाल एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में अपने अपराजित रहने के सिलसिले को बढ़ाने की कोशिश करेगी, जब रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड रात कोलकाता स्थित अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में जबर्दस्त फॉर्म में चल रही ओडिशा एफसी से भिड़ेगी। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने अपने पिछले चार आईएसएल मुकाबलों में तीन ड्रा खेले हैं और एक जीत हासिल की है, जिसमें लीग इतिहास में उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत शामिल है जब उन्होंने यानी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 5-0 से रौंदा था। हालांकि, उसके बाद उन्होंने पंजाब एफसी और मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ लगातार गोल रहित ड्रा खेले हैं, और जगरनॉट्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में स्कोरिंग टच फिर से हासिल करने के लिए उतावले होंगे।सीजन के पहले हाफ के दौरान कुछ सकारात्मक परिणामों के कारण ईस्ट बंगाल एफसी अंक तालिका में शीर्ष छह स्थानों के करीब मंडरा रही है। ये उस टीम के लिए उत्साह बढ़ाने वाले संकेत हैं जो तालिका के निचले हिस्से में काफी पीछे थी और टीम को ऊपर पहुंचाने में कार्ल्स कुआड्राट और उनके लोगों का प्रभाव महत्वपूर्ण रहा है।

ओडिशा एफसी घर से बाहर अवे मैच में हैदराबाद एफसी पर 3-0 की शानदार जीत के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। उन्होंने हेड कोच थांगबोई सिंगतो की टीम को रॉय कृष्णा के दो और मोर्टाडा फॉल के एक गोल से आसानी से हरा दिया। आईएसएल अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रहने के अलावा, ओडिशा एफसी ने एएफसी कप नॉकआउट में भी जगह बनाई है और इससे यह पता चलता है कि स्पेनिश हेड कोच द्वारा तैयार की गई अपेक्षाकृत नई टीम थोड़ी लड़खड़ाती शुरुआत के बाद कितनी अच्छी तरह से एकजुट हो गई है। ईस्ट बंगाल एफसी के मुख्य कोच कार्ल्स कुआड्राट ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम जानते हैं कि ओडिशा एफसी सेट-पीस में एक खतरनाक टीम है। हम सेट-पीस में अच्छा बचाव करने पर काम कर रहे हैं। हम एक अच्छी डिफेंसिव टीम रहे हैं, जो स्कोरिंग नहीं कर पा रही है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आज मैच के लिए योजना खेल के उस पहलू में काम करेगी। ओडिशा एफसी के मुख्य कोच सर्जियो लोबेरा ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। टीम अच्छा खेल रही है। हम एएफसी कप और आईएसएल दोनों में अच्छा समय बिता रहे हैं। हमने हाल ही में इस स्टेडियम में बहुत सारे मैच खेले हैं। यहां हमारी अच्छी यादें हैं। हालांकि यहां मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ पिछला मैच मुश्किल था क्योंकि हमने दो मुकाबलों के बाद अंक खो दिए थे, लेकिन हम तैयार हैं - हम जानते हैं कि यह एक अलग मैच है।

मोहम्मद सिराज ने भी डाला टूटे दिल वाला मैसेज, अंदेशा- कुछ ठीक नहीं चल रहा

हैदराबाद। क्रिकेट विश्व कप फाइनल में हार के बाद भारतीय क्रिकेटर एक के बाद एक इंस्टाग्राम पर गुप्त संदेश पोस्ट कर रहे हैं। मोहम्मद सिराज इस प्रवृत्ति में शामिल होने वाले नए क्रिकेटर हैं। बीरवार को भारतीय तेज गेंदबाज ने सूर्यकुमार यादव के नक्शेकदम पर चलते हुए 5 टूटे हुए दिल वाले इमोजी की एक स्टोरी इंस्टाग्राम पर शेयर की है। सूर्यकुमार से पहले जसप्रीत बुमराह ने एक पोस्ट के साथ इस प्रवृत्ति की शुरुआत की थी, जिसमें कहा गया था- कभी-कभी चुप्पी सबसे अच्छा जवाब होता है। 'एक्स' पर प्रशंसक सिराज की पोस्ट के स्क्रीनशॉट डाल रहे हैं और इसका अर्थ समझने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ प्रशंसकों ने इसे आरसीबी की नीलामी पर प्रतिक्रिया होने का अनुमान लगाया है, जबकि कुछ अन्य ने सुझाव दिया कि यह रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने के साथ जुड़ा हो सकता है। वर्तमान में 29 वर्षीय क्रिकेटर भारतीय टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में हैं। उन्होंने तीन टी20 मैचों की सीरीज में हिस्सा लिया था। वह वनडे सीरीज से दूर हैं ताकि टेस्ट के लिए तैयारी कर सकें। टीम इंडिया को पहले से बड़ा झटका लग चुका है क्योंकि मोहम्मद शमी टखने की चोट के कारण साउथ अफ्रीका टेस्ट से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की उछालभरी पिचों पर आक्रमण की अगुवाई करने के लिए शमी के अनुभव और स्विंग गेंदबाजी कौशल पर भरोसा किया जा सकता है। शमी के बाहर होने के बाद गेंदबाजी विभाग में बुमराह और सिराज पर नजरें रहेंगी।

गुकेश नें टाईब्रेक में जीता चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंज ,अर्जुन बने उपविजेता

चेन्नई । यहाँ भारत के शतरंज इतिहास के अब तक के सबसे बड़े क्लासिकल सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट और फीडे सर्किट के अंतिम क्लासिकल पड़ाव चेन्नई ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट का खिताब भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें अपने नाम कर लिया । गुकेश नें अंतिम राउंड में हमवतन पेंटाला हरिकृष्णा से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 4.5 अंक बनाकर खिताब हासिल किया , हालांकि अंतिम राउंड में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें भी शानदार खेल दिखाते हुए हंगरी के सनन सुजिरोव को पराजित करते हुए 4.5 अंक बनाए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर गुकेश नें खिताब अपने नाम कर लिया । वहीं हरिकृष्णा प्रतियोगिता में 4 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे । अन्य खिलाड़ियों में उक्रेन के पावेल एलजनोव चौथे , यूएसए के लेवान अरोनियन पांचवें , ईरान के परहम मघसूदलू छठे ,हंगरी के सनन सातवे और सर्बिया के अलेक्जेंडर प्रेडके अंतिम आठवे स्थान पर रहे । इस जीत के बाद गुकेश फीडे सर्किट तालिका में 87.3 अंको के साथ नीदरलैंड के अनीश गिरि (84.3) को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर से शीर्ष पर पहुँच गए है और अब अगले साल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करने की उनकी संभावना बढ़ गई है । अर्जुन एरिगासी 81.2 अंको के साथ अभी भी इस दौड़ में शामिल है अब अगर फीडे सर्किट के आखिरी पड़ाव विश्व उजबेकिस्तान के समरकंद में होने वाली विश्व रैपिड चैम्पियनशिप में अनीश या अर्जुन रैपिड या ब्लिट्ज में विजेता बनते है तो वह गुकेश को पीछे छोड़ सकते है ।

अंपायर को डराने-धमकाने के आरोप में टॉम कुरेन पर लगा चार बीबीएल मैचों का प्रतिबंध

लंदन। इंग्लैंड के ऑलराउंडर टॉम कुरेन को मैच से पहले हुए विवाद में अंपायर को डराने-धमकाने का दोषी पाए जाने के बाद चार बिग बैश लीग (बीबीएल) मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है, हालांकि सिडनी सिक्सर्स प्रतिबंध के खिलाफ अपील करेगा। कुरेन पर 11 दिसंबर को लाउंसेस्टन में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ सिक्सर्स के मैच से पहले एक घटना के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आचार संहिता के तहत लेवल 3 के अपराध का आरोप लगाया गया था। सीए के अनुसार, कुरेन ने अभ्यास रन-अप पूरा किया और वॉर्म-अप के दौरान पिच के एक हिस्से पर दौड़े, इसके बाद अंपायर ने मौखिक रूप से उन्हें दोबारा ऐसा न करने का निर्देश दिया था। सीए ने कहा कि कुरेन एक और अभ्यास रन-अप पूरा करने के लिए पिच के दूसरे छोर पर चले गए, जिससे अंपायर उन्हें रोकने के प्रयास में स्टंप के बगल में आकर खड़े हो गए। लेकिन कुरेन नहीं माने। सीए के बयान में कहा गया, अंपायर ने कुरेन को पिच से दूर जाने का इशारा किया। इसके बाद कुरेन ने अभ्यास रन-अप करने का प्रयास किया और सीधे अंपायर की ओर तेजी से दौड़ने का प्रयास किया, जो कुरेन के सामने गेंदबाजी क्रीज पर खड़े थे। इसके बाद टकराव से बचने के लिए अंपायर को अपने दाहिनी ओर हटना पड़ा। कुरेन ने आरोप का विरोध किया, लेकिन बाद में उन्हें चार मैच के प्रतिबंध के बराबर चार निलंबन अंक जारी किए गए। वह एडिलेड स्ट्राइकर्स, मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर और ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ सिक्सर्स के आगामी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। कम किए गए बीबीएल नियमित सीजन में चार मैचों का प्रतिबंध महत्वपूर्ण है, जहां टीमें प्रत्येक में 10 मैच खेलती हैं। सिडनी सिक्सर्स के प्रमुख राचेल हेन्स ने कहा कि क्लब कुरेन के लिए सख्ती से समर्थन प्रदान करते हुए मंजूरी की अपील करेगा, जिन्होंने सिक्सर्स की छह विकेट की जीत में चार ओवरों में 19 रन देकर 3 विकेट लेकर हरिकेंस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, टॉम और क्लब का कहना है कि टॉम ने जानबूझकर किसी मैच अधिकारी को नहीं डराया, और कानूनी सलाह पर, हम फैसले के खिलाफ अपील करने के अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। हम इस अवधि के दौरान टॉम का समर्थन करेंगे और उसके मैदान पर लौटने का इंतजार करेंगे।

चिकित्सकीय सलाह पर विलियमसन और जैमीसन बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला से हुए बाहर

वेलिंगटन। इस महीने के अंत में घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए नामित कप्तान केन विलियमसन और काइल जैमीसन न्यूजीलैंड की टी20 टीम से हट गए हैं। मिचेल सेंटनर, जिन्होंने अतीत में न्यूजीलैंड की दोनों सफेद गेंद टीमों का नेतृत्व किया है, विलियमसन की अनुपस्थिति में कप्तान होंगे।

रचिन रवींद्र और जैकब डफी को प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है, न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि विलियमसन और जैमीसन पर निर्णय चिकित्सकीय सलाह और टीम के आगामी कार्यक्रम पर विचार करने के बाद किया गया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस ग्रीष्मकालीन टेस्ट श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एनजेडसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, विलियमसन, जो इस साल की शुरुआत में आईपीएल के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद सात महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से चूक गए थे, भारत और बांग्लादेश में खेलने के लिए अपनी हालिया वापसी के बाद घुटने के पुनर्वास की अवधि से गुजरेंगे। बोर्ड ने आगे कहा, जहां तक जैमीसन की बात है, उनकी हैमस्ट्रिंग चोट का सबसे अच्छा समाधान फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लक्षित पुनर्वास की अवधि से हुआ। वह बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे। इससे पहले उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ चल रही श्रृंखला के लिए वनडे टीम से हटा दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड 2-0 से आगे चल रहा है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, हम चाहते हैं कि केन और काइल दोनों दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट के अगले चरण में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहें। मेडिकल स्टाफ और खिलाड़ियों के साथ चर्चा के आधार पर, यह निर्णय लिया गया कि पुनर्वास की अवधि और कंडीशनिंग उन दोनों के लिए सबसे अच्छा विकल्प था। स्टीड ने कहा,जैकब एक अनुभवी टी20 क्रिकेटर हैं, और जब वह ब्लैककैप्स माहौल का हिस्सा होते हैं तो हमेशा बहुत कुछ लेकर आते हैं। उन्होंने हाल के सीज़न में अपने सफेद गेंद कौशल पर बहुत मेहनत की है। रचिन जिस भी माहौल का हिस्सा होते हैं, उसमें अपना योगदान देते हैं और उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा होता है। उनमें तीनों प्रारूपों में सीखने और अपने खेल को विकसित करने की जबर्दस्त इच्छा है।

बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम: मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी, टिम साउथी।

संजू सैमसन ने ठोका वनडे करियर का पहला शतक, पर्ल के मैदान पर चला जादू

पर्ल। पर्ल के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले के दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने करियर का पहला शतक ठोक दिया। सैमसन जब क्रीज पर आए थे तो टीम ने 34 रन पर पहला विकेट गंवा दिया था। इसके बाद सैमसन ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड़ शॉट लगाए। सैमसन का यह शतक उनके 16वें वनडे में सामने आया है। अब तक उनकी 60 के पास पहुंच गई है जबकि स्ट्राइक रेट 100 के पास।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करते हैं जोरदार प्रदर्शन

सैमसन का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रदर्शन हमेशा अच्छा रहता है। वह पहली बार अक्तूबर 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेले थे। सीरीज के 3 मुकाबलों में उन्होंने 86, 30 और 2 रन बनाए थे। तीनों पारियों में वह नाबाद रहे थे। इसके बाद साल 2023 की वनडे सीरीज में सैमसन दूसरे मुकाबले में जहां 12 रन ही बना पाए थे तो वहीं, तीसरे मुकाबले में उन्होंने शतक जड़कर एक बार फिर से अपनी उपयोगिता साबित कर दी। मैच की बात करें तो भारतीय टीम की ओर से रजत पाटीदार और साई सुदर्शन ने ओपनिंग की। रजत 16 गेंदों पर 22 तो साई ने 16 गेंदों पर 10 रन बनाए। कप्तान केएल राहुल भी 21 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तब संजू सैमसन ने तिलक वर्मा के साथ पार्टनरशिप करते हुए स्कोर 200 पार लगाया। तिलक जहां अर्धशतक बनाकर आउट हो गए तो वहीं, सैमसन ने शतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 23 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

अयोध्या: 30 को होगा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का ग्रैंड रिहर्सल

22 जनवरी के महाआयोजन जैसा ही 30 दिसंबर को दिखेगा नजारा, मुख्यमंत्री योगी का निर्देश, फूलों से सजाई जाए अयोध्या

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
अयोध्या में अपने दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह की देरी पर है। ऐसे में प्रदेश की योगी सरकार आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले ग्रैंड इवेंट का ग्रैंड रिहर्सल कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सजावट का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा आगामी 22 जनवरी के दौरान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी 2024 के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ही अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी 2024 के लिए तैयारी है।

सुंदर फूलों से सड़कों को सजाया जाए : सीएम योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग (राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ) को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। इस दौरान फुटपाथ पर सुंदर फूलों वाले गमलों से साज सज्जा की जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट एवं फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्व स्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए।

चमकनी चाहिए सड़कें, सजावटों से आनी चाहिए शाइनिंग: मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाईवे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुल्तानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं। एनएचआई बाईपास मार्ग के डिवाइडर पर जो सजावट की जा रही है उनमें बेहतर शाइनिंग दिखाई आनी चाहिए। अयोध्या में कही भी सड़कों पर धूल तथा गन्दगी नहीं दिखनी चाहिए। अयोध्या में प्रधानमंत्री का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया जाए। अयोध्या एयरपोर्ट से लेकर शहर के अन्य विभिन्न स्थानों पर गेट बनाये जाएं तथा उन्हें बेहतर ढंग से सजाने की व्यवस्था की जाए।

दिव्य, भव्य

30 दिसंबर को पीएम मोदी का अयोध्या दौरा, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का होगा उद्घाटन

भारत के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा इवेंट होगा रामोत्सव: बता दें कि रामोत्सव-2024 की तैयारी में जुटी योगी सरकार इस एक माह में ना सिर्फ अयोध्या को बल्कि पूरे प्रदेश को राममय बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

फास्ट न्यूज

आरएलडी जिलाध्यक्ष के घर में चल रहा था देह व्यापार, छह काबू

कासगंज: ऐसा कोई अनैतिक कार्य नहीं, जो इस जिले में न होता हो। जुआ-सट्टा, ड्रग्स के बाद अब देह व्यापार का भी पर्दाफाश हुआ है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह देह व्यापार रालोद जिलाध्यक्ष के घर में चल रहा था। पुलिस ने वहां से रालोद जिलाध्यक्ष सहित चार महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। मौके से 44 हजार रुपए, पांच मोबाइल, कंडोम के तीन पैकेट के साथ ही सिगरेट की डिब्बी और बीयर की खाली कैन बरामद की हैं। पुलिस की सर्विलांस सेल ने रैकेट का सुराग लगाया था। पुलिस को पिछले काफी समय से जिले के देह व्यापार होने की सूचनाएं मिल रही थीं। सर्विलांस टीम इसकी सुरागरसी में जुटी थी। टीम के प्रभारी प्रवेश राना को गुरुवार की शाम सूचना मिली कि नगर से सटे गांव अहरौल में रालोद जिलाध्यक्ष आशमा वारिसी के घर में देह व्यापार किया जा रहा है। सर्विलांस प्रभारी ने इस जानकारी से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दे दिए। चूंकि मामला देह व्यापार से संबंधित था, इसलिए एसओजी प्रभारी विनय शर्मा को इसमें लगाया गया। उन्होंने महिला थाना प्रभारी सरिता तोमर को साथ लिया। इस तरह सर्विलांस, एसओजी और महिला थाने की संयुक्त टीम ने सीओ सिटी अजीत चौहान के नेतृत्व में रात में अहरौली पहुंचकर रालोद जिलाध्यक्ष के घर की घेराबंदी कर ली। मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार अरविंद गौतम को भी साथ लिया गया। जब दरबाजा खटखटाया तो एक युवक ने उसे खोला, बाहर पुलिस देखते ही उसने शोर मचाया भागो-भागो पुलिस ह

अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती पर लगी रोक हटी

देहरादून: प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं अन्य कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटा दी गई है। सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट के स्टे के बाद शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत पर शिक्षक भर्ती पर रोक लगा दी थी। 19 सितंबर 2023 को शासन ने आदेश जारी किया था कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक एवं शिक्षणेतर पदों पर कनिष्ठ सहायक व वरिष्ठ सहायक नियुक्ति पर रोक लगाई जाती है। शासन के इस आदेश के खिलाफ एक विद्यालय ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

राहुल गांधी अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक: अनुराग

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
बीते गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति तैयार करने पर चर्चा की। साथ ही कई नेताओं, कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की शुरूआत करने का आग्रह किया, जिसमें नेताओं ने अनुरोध किया कि वह पूर्व से पश्चिम तक एक भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन करें। वहीं भाजपा उन्हें सभापति जगदीप धनखड़ मिमिक्री मामले में घेरते नजर आ रही है।

राहुल गांधी अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक- अनुराग: कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने तीखी टिप्पणी की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने राहुल गांधी को अपरिपक्व, अलोकतांत्रिक, अगंभीर व्यक्ति करार दिया है। उन्होंने कहा कि चाहे वे संसद के अंदर हो या बाहर हर जगह वे अपरिपक्वता दिखाते हैं। साथ ही उनके कार्य और भाषण अलोकतांत्रिक होते हैं। उनकी कई बार आलोचना हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में ही नहीं आते थे, सिर्फ मोबाइल पर ही रहते थे। अनुराग बोले, सभापति का मजाक बना रहे थे राहुल गांधी टीएमसी सांसद द्वारा सभापति की मिमिक्री का वीडियो रिकॉर्ड किए जाने पर राहुल गांधी को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जो किया उसके लिए देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। अगर एक सांसद ने गलत काम किया है तो आपको उन्हें रोकना चाहिए था, लेकिन वह भी उन लोगों के साथ शामिल हो गए जिन्होंने गलत काम किया था।

कटाक्ष

राहुल गांधी चाहे वे संसद के अंदर हो या बाहर हर जगह वे अपरिपक्वता दिखाते हैं: मंत्री अनुराग

प्रेमानंद महाराज के अब रात के समय नहीं होंगे दर्शन, आश्रम का फैसला

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा
संत प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज छटीकरा मार्ग स्थित अपने आवास से सोमवार रात ढाई बजे पदयात्रा न कर कार से वराह घाट स्थित अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज पहुंचे। इस कारण कड़ाके की ठंड में तीन-चार घंटों से सड़क के दोनों ओर खड़े भक्तों-संतों को दर्शन नहीं हो सके और वे मायूस हो गए। हालांकि दिनभर उनके आश्रम में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। संत प्रेमानंद महाराज

के स्वास्थ्य और उनके दर्शन के लिए रात से ही उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए पदयात्रा पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम के सूत्रों के अनुसार संत प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज अपने परिकर के साथ सोमवार रात ढाई बजे पैदल न चलकर कार से आश्रम पहुंचे और अपनी ईष्ट राधारानी की सेवा पूजा और आराधना की। उनका नियत समय पर सत्संग भी हुआ।

आश्रम का शाम को गेट खुलने के समय में एक घंटे का बदलाव किया गया। आश्रम का गेट पौने तीन बजे खोला, जबकि पहले एक घंटे देरी से खोला जाता था।

सूखा सहायता राशि मांगने प्राइवेट लग्जरी जेट से दिल्ली गए सिद्धारमैया

टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू
कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा जुटाने के लिए अभियान शुरू किया है। वहीं इस बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनमें वह एक प्राइवेट लग्जरी जेट में बैठे नजर आ रहे हैं। सीएम के साथ कर्नाटक के मंत्री जमीर अहमद खान भी हैं।

इसे लेकर भाजपा ने सीएम और कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है। भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि एक तरफ कांग्रेस चंदा मांग रही है, वहीं दूसरी तरफ सीएम सिद्धारमैया प्राइवेट जेट में घूमते दिख रहे हैं।

भाजपा नेता ने सीएम सिद्धारमैया पर साधा निशाना: भाजपा अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो कर्नाटक सरकार के मंत्री जमीर अहमद खान ने पोस्ट किया है। इस पोस्ट में अमित मालवीय ने लिखा कि 'एक तरफ कांग्रेस ऐसे दिखा रही है कि वह चंदा मांग रही है और उनके पास विपक्षी गठबंधन के नेताओं को समोसे खिलाने का भी पैसा नहीं हैं।

मानव तस्करी मामले में 11वें आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली: राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी मामले में 11वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने पिछले महीने देशव्यापी छापेमारी के बाद इस मामले का भंडाफोड़ किया था।

एनआईए ने पिछले महीने सऊदी जाकिर के घर पर तलाशी ली थी। जिसके बाद से वह फरार था। उसको उसके कोच्चि (केरल) ठिकाने पर ट्रैक किया गया और हिरासत में ले लिया गया। जांच में पता चला है कि आरोपी अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पर बेनापोल के रास्ते भारत में घुसा था। इसके बाद वह कर्नाटक के बंगलूरू शहर के बेलंदूर इलाके में चला गया था। इस इलाके में उन्होंने एक अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण इकाई स्थापित की थी और अन्य विदेशी नागरिकों की भर्ती की थी। इन विदशी नागरिकों ने अवैध रूप से देश में प्रवेश किया था।

राज्य में उत्पादित बिजली के लिए 12 रुपये की मांग

देहरादून: परियोजना से पैदा होने वाली बिजली की शुरूआती कीमत भी करीब 8.50 रुपये प्रति यूनिट आई थी। आगामी वित्तीय वर्ष से यूजेवीएनएल ने इस परियोजना की बिजली के दाम बढ़ाने की मांग की है। इसके पीछे परियोजना पर हो रहे खर्च को कारण बताया गया है। प्रदेश में बिजली की महंगाई कैसे रुकेगी, जब राज्य में पैदा हो रही बिजली के दाम ही 12 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच जाएंगे।

यूपी: 'नेताजी' का कद और बड़ा करने की तैयारी

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी नेताजी का कद और बड़ा करने की तैयारी में है। इसी कड़ी में पार्टी ने संस्थापक मुलायम सिंह यादव की आदमकद प्रतिमा तैयार कराने की योजना तैयार की है। नोएडा पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पद्मभूषण मूर्तिकार रामसुतार से मुलाकात कर

प्रतिमा बनाने की अपील की। अखिलेश ने रामसुतार को सैफई आने के लिए आमंत्रित किया है। सोमवार को ग्रेटर नोएडा के एक कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव गोपनीय तरीके से नोएडा पहुंचे। नोएडा में उनका कोई कार्यक्रम तय नहीं था। वह मशहूर मूर्तिकार रामसुतार से मिलने पहुंचे।

मौके पर नेताजी की प्रतिमा बनाने के लेकर दोनों में बातचीत हुई। उन्होंने रामसुतार का स्टूडियो भी देखा। हालांकि प्रतिमा कितनी बड़ी इसका फैसला रामसुतार के सैफई जाने के बाद ही होगा।

ललितपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क योजना को गति देगी योगी सरकार

औद्योगिक उन्नति

5 गांवों की कुल 1472 एकड़ भूमि पर बल्क ड्रग पार्क का होगा निर्माण, विकास प्रक्रिया को किया जाएगा पूर्ण

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक उन्नति को नए आयाम देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए जिन सेक्टर्स में सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है उसमें उद्योग प्रमुख है। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास पर

फोकस कर रही है। उल्लेखनीय है कि ललितपुर के कुल 5 गांवों में 1472 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क में दो फेज में विकास का खाका खींचा गया है। ऐसे में, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को बदलने, देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की धाक जमाने के साथ ही जेनरिक दवाओं के उत्पादन हब के तौर पर ललितपुर के विकास का रास्ता साफ हो गया है। सीएम योगी की मंशा अनुसार, परियोजना के अंतर्गत फेज-1 में 300 एकड़ भूमि के डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराकर विकास कार्यों की शुरूआत की जाएगी। सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विस्तृत कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए अब उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने की प्रारंभ कर दी है।

क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए कई मानकों पर होगा काम

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए फेज-1 में यूपीसीडा डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के लिए कंसल्टेंसी फर्म को कार्य आवंटित करेगा। इस कड़ी में, यूपीसीडा द्वारा नेशनल कॉम्पिटीटिव बिडिंग (एनसीबी) के जरिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) व रिक्वेस्ट फॉर क्वॉलिफिकेशन (आरएफक्यू) प्रक्रिया के जरिए आवेदन मांगे हैं। जिन फर्म्स द्वारा कार्य आवंटन के लिए आवेदन किया जाएगा उन्हें तीन स्तरीय निर्धारण प्रक्रिया से गुजरना होगा।